● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 183, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 13 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



दिल्ली में विधानसभा चुनाव पहले होने के आसार 5

इंग्लैण्ड को बड़ा झटका, बेन स्टोक्स चोटिल 6

## नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मानदेय में होगी 20 प्रतिशत की वृद्धि : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मानदेय में 20 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास में रक्षाबंधन की थीम पर आयोजित देवी अहिल्याबाई होल्कर-महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि अगले महीने से इसका लाभ सभी महापौर, अध्यक्ष, सभापति, उपाध्यक्ष और पार्षदों को मिलेगा। नगर पालिका निगम के महापौर का मानदेय 22 हजार रुपए से बढ़कर 26 हजार 400 रुपए, उपाध्यक्ष का मानदेय 18 हजार से बढ़कर 21 हजार 600 रुपए और पार्षद का मानदेय 12 हजार से बढ़कर 14 हजार 400 रुपए प्रतिमाह हो जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष का मानदेय 6 हजार से बढ़कर प्रतिमाह 7 हजार 200 रुपए, उपाध्यक्षों का मानदेय 4 हजार 800 से बढ़कर 5 हजार 760 रुपए प्रति माह होगा और पार्षद का मानदेय 3 हजार 600 से बढ़कर 4 हजार 320 प्रति माह होगा। नगर परिषद के अध्यक्ष 4 हजार 800 के स्थान पर 5 हजार 760 रुपए, उपाध्यक्ष 4 हजार 200 के स्थान पर 5 हजार 40 रुपए और पार्षद 2 हजार 800 रुपए प्रति माह के स्थान पर 3 हजार 360 रुपए प्रतिमाह प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) वेब एप्लीकेशन का लोकार्पण भी किया और सर्टिफिकेट जनरेशन प्रक्रिया की शुरूआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगरीय निकायों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। करों व शुल्कों के माध्यम से स्वयं की आय में अपने संभाग में सबसे अधिक वृद्धि करने वाली नगर पालिका को 5 करोड़ रुपए तथा नगर परिषद को 2 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष प्रोत्साहन के रूप में दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग पार्षद निधि के रूप में जन-प्रतिनिधियों द्वारा अपनी अनुशंसित अधोसंरचनात्मक कार्यों पर किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जेंडर बजट तैयार कर माता-बहनों की सुरक्षा व सुविधा के लिए अनुपूरक बजट में विशेष प्रावधान किये जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत सीसीटीवी परियोजना, महिलाओं के लिए स्थानीय परिवहन हेतु सिटी बस में विशेष प्रावधान और विशेष पिंक टॉयलेट आदि की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही महिला उद्यमियों के लिए निकायों में प्राथमिकता वाले विशेष प्रावधान और हितग्राही मूलक योजनाओं में महिलाओं का नाम अंकित करना जैसी योजनाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को प्रदेश उद्योग आधारित वर्ष के रूप में मनाने वाला है। अतः लघु-कुटीर उद्योग, महिला स्व-सहायता समूह और एमएसएमई को मिलाकर महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसी दिशा में प्रतिमाह रीजनल इन्वेस्टर समिट आयोजित की जा रही है। अगस्त माह में ग्वालियर, सितंबर में सागर और अक्टूबर में रीवा में इन्वेस्टर समिट होंगी।

## प्रभावी और सुचारू व्यवस्थाओं के लिए नवाचार जरूरी : राज्यपाल

### राज्यपाल ने ऑन लाइन अवकाश प्रबंधन प्रणाली का किया शुभारम्भ



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने ऑन लाइन विश्वविद्यालय अवकाश प्रबंधन प्रणाली का राजभवन में शुभारम्भ किया। उन्होंने कुलगुरु के अवकाश प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर को रिमोट का बटन दबाकर लाँच किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि व्यवस्थाओं को प्रभावी और सुचारू बनाने के लिए निरंतर नवाचार किए जाने चाहिए। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग किए जाने की जरूरत बताई है।राज्यपाल श्री पटेल ने विश्वविद्यालयों के कुलगुरु से ऑन लाइन चर्चा भी कर सॉफ्टवेयर के संचालन और सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री मुकेश चंद गुप्ता ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्थाओं के प्रभावी और व्यावसायिक संचालन के लिए अवकाश प्रबंधन प्रणाली महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने बताया कि अवकाश प्रबंधन प्रणाली के उपयोग से कागजी कार्रवाई में काफी कमी होगी। प्रशासनिक व्यवस्थाओं में लगने वाले समय की बचत होगी। अवकाश व्यवस्थाओं का प्रबंधन सरलता, पारदर्शिता और सटीक रूप से होगा। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रणाली में शेष अवकाश का विवरण स्वचालित रूप से अपडेट होता रहेगा। वास्तविक समय की जानकारी और अपडेट्स डैशबोर्ड पर निरंतर मिलते रहेंगे। डैशबोर्ड पर सिंगल क्लिक पर अवकाश हेतु कुल आवेदन, स्वीकृत आवेदन, लंबित आवेदन, अस्वीकृत आवेदन, प्रमुख सचिव को वापस भेजे गए आवेदन और कुलगुरू/कुलपति को वापस भेजे गए आवेदनों की स्थिति उपलब्ध रहेगी।

## भाजपा ने दिया फडणवीस को टिकट बंटवारे का जिम्मा



**मुंबई।** भाजपा ने राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग और टिकट बंटवारे का जिम्मा दिया है। मुंबई में देर रात भाजपा कोर ग्रुप की मीटिंग में इस पर फैसला हुआ। बैठक में राज्य के प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी मौजूद थे।

भाजपा मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा कि सीट शेयरिंग के बाद पार्टी जल्द ही उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है। बैठक में चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में पीयूष गोयल और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी शामिल हुए।

विधानसभा चुनाव को लेकर 8 अगस्त को विपक्षी गठबंधन विकास अघाड़ी ने बैठक की थी। इसमें कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद गुट) के नेता मौजूद थे। बैठक में कॉमन मैनिफेस्टो, फॉर्मूले और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बताया- 16 अगस्त को षणमुखानंद हॉल, मुंबई में एक रैली या बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी है। उसी दिन महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन का आधिकारिक घोषणा होगी। विजय ने यह भी बताया कि पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण की अगुवाई में कॉमन मैनिफेस्टो पर काम चल रहा है। हम इस महीने के अंत तक एक-दो बैठकें और करेंगे। इससे पहले 4 अगस्त को विधानसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मुंबई कांग्रेस और महाराष्ट्र कांग्रेस की मीटिंग हुई थी।

## कश्मीर में बॉर्डर टूरिज्म हब केरन से आतंक की एंट्री

**केरन।** कश्मीर के जो बॉर्डर इलाके 2023 में टूरिज्म के लिए खोले गए थे, उन्हें बंद कर दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किसी को जाने की अनुमति नहीं है। दरअसल, जुलाई में पाक बॉर्डर के केरन सेक्टर से आतंकियों ने दो बार घुसपैठ की कोशिश की। किशनगंगा नदी किनारे बसे छोटे से इलाके केरन में आतंकी पर्यटकों का फायदा उठाकर भारतीय सीमा में घुसना चाह रहे थे, लेकिन सेना ने उन्हें या तो ढेर कर दिया या फिर उल्टे पांव भगा दिया गया।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट से राहुल झूठ फैला रहे : भाजपा



**मुंबई।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट और कांग्रेस के आरोपों पर सोमवार को कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। इसलिए वह टूलकिट गिरोह के साथ मिलकर भारतीय शेयर बाजार को खत्म करना चाहती है।

रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- हिंडनबर्ग के मेन इन्वेस्टर अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोधी और टूलकिट गैंग हैं। राहुल गांधी उनके एजेंट हैं। राहुल, पीएम मोदी से नफरत करते-करते देश से नफरत करने लगे हैं। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पिछले कुछ साल में देखा जा रहा है जब संसद सत्र शुरू होता है, उसी समय ऐसे आरोप सामने आते हैं। पीएम पर डॉक्यूमेंट्री, हिंडनबर्ग रिपोर्ट उदाहरण हैं। साफ है कि विपक्ष के तार विदेशों से जुड़े हैं। दरअसल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में सेबी चेयरपर्सन पर लगे आरोपों के बाद राहुल गांधी ने पूछा था कि अगर निवेशकों को नुकसान होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। क्रू जेपीसी जांच से क्यों डरते हैं, यह अब पूरी तरह साफ हो गया है।

जॉर्ज सोरोस का जन्म 12 अगस्त, 1930 को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुआ था। जॉर्ज पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का एजेंडा चलाने का आरोप हैं। सोरोस की संस्था 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने 1999 में पहली बार भारत में एंट्री की। 2014 में इसने भारत में दवा, न्याय व्यवस्था को बेहतर बनाने और विकलांग लोगों को मदद करने वाली संस्थाओं को फंड देना शुरू किया।

## बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव की करोड़ों की प्रापॅर्टी सीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव की करोड़ों की संपत्ति को बैंक ने सीज कर दिया है। यह मामला साल 2012 में रिलीज हुई एक्टर की फिल्म 'अता पता लापता' से जुड़ा हुआ है। इस फिल्म को राजपाल ने डायरेक्ट किया था वहीं उनकी पत्नी राधा यादव इसकी प्रोड्यूसर थीं। फिल्म के लिए राजपाल ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मुंबई की बांद्रा ब्रांच से 5 करोड़ का लोन लिया गया था। अब लोन न चुका पाने के कारण उनकी शाहजहांपुर में सेठ एनक्लेव स्थित करोड़ो की संपत्ति को बैंक ने सीज कर दिया है।

## क्या चाइल्ड पोर्न देखना अपराध, सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (12 अगस्त) को चाइल्ड पोर्नोग्रॉफी से जुड़े एक मामले में सुनवाई की। लाइव लॉ के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में केरल हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें कहा गया था कि फोन में बच्चों से जुड़े पोर्न वीडियो को डाउनलोड करना अपराध नहीं होगा। केरल हाईकोर्ट ने 13 सितंबर 2023 को एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि अगर कोई व्यक्ति निजी तौर पर अश्लील फोटो या वीडियो देख रहा है तो यह अपराध नहीं है, लेकिन अगर दूसरे को दिखा रहा है तो यह गैरकानूनी होगा। दरअसल पहले केरल हाईकोर्ट और फिर उसी के आधार पर मद्रास हाईकोर्ट में एक आरोपी के दोष मुक्त हो जाने पर एक हलह ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। केरल हाईकोर्ट के जस्टिस पीवी कुन्हीकृष्णन की बेंच ने यह फैसला दिया था। जस्टिस कुन्हीकृष्णन ने कहा था, पोर्नोग्रॉफी सदियों से प्रचलित है। आज डिजिटल युग में इस तक आसानी से पहुंच हो गई।

## 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच सीबीआई को सौंपेंगे : ममता



**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 8 अगस्त देर रात ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न लाश मिली थी। पुलिस के मुताबिक, रेप के बाद उसकी हत्या की गई। प्राइवेट पार्ट, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। उसकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पाई गई थी।

घटना को लेकर आज देशभर के 3 लाख रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर हैं। एम्स दिल्ली समेत देशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गई हैं। ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा- हेल्थ सेक्रेटरी से हमने घटना की सीबीआई जांच कराने और डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग रखी है। जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, हड़ताल जारी रखेंगे।

इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार सुबह ट्रेनी डॉक्टर के घर पहुंचीं। यहां उन्होंने कहा- 18 अगस्त तक पुलिस केस सॉल्व नहीं कर पाई तो जांच सीबीआई को सौंप देंगे। हालांकि, सीबीआई का सक्सेस रेट काफी कम है। केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में भी चलना चाहिए। चंडीगढ़ के रेजिडेंट डॉक्टरों ने कोलकाता की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। डॉक्टरों इस मामले में न्याय की मांग की है। दिल्ली के भी प्रमुख सरकारी अस्पतालों में आज से सभी वैकल्पिक सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद की गईं। त्रत्र्य अस्पताल की डॉक्टर पल्लवी ने कहा- घटना के लिए जिम्मेदार लोगों सजा होनी चाहिए। महाराष्ट्र के डॉक्टर्स भी हड़ताल कर रहे हैं।

## मुसीबत में कार्यकर्ताओं ने एकता दिखाई, पार्टी में कोई फूट नहीं : सिसोदिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने शराब नीति मामलें में सुप्रीम कोर्ट से जमानत के बाद सोमवार (12 अगस्त) को पहला इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद है कि वह मेरी तरह ही केजरीवाल को भी न्याय देगा।

न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सिसोदिया ने बताया- सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मुझे हर सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 से 11 बजे के बीच सीबीआई और ईडी दफ्तर में पेश होना होगा। इसी वजह से आज मैं उनके दफ्तर गया था। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी सबसे कठिन दौर से गुजरी है, लेकिन आप कार्यकर्ताओं और दिल्ली की जनता ने एकता दिखाई। यही हमारी ताकत है। पार्टी में कोई टूट नहीं है। सिसोदिया ने 11 अगस्त को अपने विधानसभा क्षेत्र के पटपड़गंज के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा- हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत नहीं हारी। हम जल्द ही इस मुसीबत से बाहर निकल आएंगे।

## पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार (12 अगस्त) को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 21 अगस्त तक रोक लगा दी। साथ ही दिल्ली पुलिस और यूपीएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई कर रहे जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा- निचली अदालत, खेडकर को राहत देने से इनकार करते हुए उनके खिलाफ लगे आरोपों में उलझ गई और याचिका पर सही ढंग से विचार नहीं किया। दरअसल, पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा को राहत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पूजा ने 8 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस अफसर रहीं पूजा के खिलाफ यूपीएससी ने पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी।

### दिल्ली शराब नीति केस में भ्रष्टाचार का मामला

## कोर्ट का सीबीआई को निर्देश- 27 अगस्त तक सभी अधिकारियों से जरूरी मंजूरी लें

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की जांच जारी है। सोमवार (12 अगस्त) को राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई को अधिकारियों से जांच के लिए जरूरी मंजूरी लेने के लिए 15 दिन का और समय दिया। एजेंसी ने कोर्ट में कहा कि जांच के लिए संबंधित अधिकारियों से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। इस पर स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने एजेंसी को 27 अगस्त तक का समय दिया। एजेंसी केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक के खिलाफ जांच कर रही है। इससे पहले कोर्ट ने इसी मामले में केजरीवाल की ज्यूडिशियल कस्टडी 20 अगस्त तक बढ़ाई थी।

सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जून को अरेस्ट किया था। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। हालांकि 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत दे दी थी, लेकिन सीबीआई केस के चलते वह जेल में ही हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। साथ ही जमानत याचिका के लिए निचली अदालत जाने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि सीबीआई ने केजरीवाल की गिरफ्तारी बिना किसी ठोस कारण के की। कोर्ट ने 29 जुलाई को इसी मामले में हुई सुनवाई में फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी केस में 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दी थी।

## योग, मानवता के लिए बेशकीमती तोहफा : कोविंद



**कोलकाता।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को कहा है कि योग, मानवता के लिए बेशकीमती तोहफा है। इसलिए, ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को इसका अभ्यास करना चाहिए। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में टेक्नो इंडिया विश्विद्यालय के सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने योग का जिक्र किया। रामनाथ कोविंद ने इस बात पर हैरानी जताई कि आखिर क्यों भारत के कई लोग योग जैसी हमारी सांस्कृति धरोहरों से दूर होते जा रहे हैं।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक शोध के निष्कर्ष का हवाला दिया, जिसमें योग के प्रति भारतीय लोगों की रुचि के बारे में बताया गया है। छात्रों और युवाओं की शारीरिक क्षमता पर जोर देते हुए कहा, 'योग एक बेशकीमती तोहफा है, जिसे भारत ने मानवता के लिए पूरे विश्व को दिया है। हमें इसे ग्रहण करना चाहिए।' पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, 'कुछ लोग योग और प्राणायाम को एक विशेष धर्म से जोड़ सकते हैं। उनके लिए मैं केवल इतना कहूंगा कि शारीरिक दुर्बलता खुद को किसी एक धर्म तक सीमित नहीं रखती।' उन्होंने आगे कहा, 'क्या कभी किसी चिकित्सक ने किसी एक धर्म के व्यक्ति को सुबह और शाम की सैर ना करने की सलाह दी है। इस बात को ध्यान में रखें कि एक स्वस्थ शरीर और एक स्वस्थ दिमाग ही आपको किसी भी चुनौती से लड़ने की प्रेरणा देता है।'

इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने 21 जून वर्ष 2019 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दौरान अपनी सुरीनाम यात्रा का भी जिक्र किया। उस दौरान रामनाथ कोविंद भारत के राष्ट्रपति थे और उन्होंने सुरीनाम के राष्ट्रपति के साथ योगाभ्यास किया था। रामनाथ कोविंद ने कहा, 'इसके अगले दिन मैं क्यूबा की यात्रा पर गया था। मैंने क्यूबा के राष्ट्रपति को पिछले दिन मनाए गए योगा दिवस के बारे में जानकारी दी। इसके बाद क्यूबा के राष्ट्रपति ने उत्साहपूर्वक कहा कि वे भी योगाभ्यास करेंगे। उस समय मेरे साथ पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज भी मौजूद थीं। मैंने अनुरोध किया कि भारत सरकार की तरफ से क्यूबा में एक योग प्रशिक्षक भेजा जा सकता है। इसके बाद मुझे एक संदेश प्राप्त हुआ कि क्यूबा में एक योग प्रशिक्षक भेजा गया है, जिससे क्यूबा की सरकार बेहद खुश है।'

## अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को लेकर सोमवार को चिंता जताई। उन्होंने उम्मीद जताई कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के गिरने के बाद से वहां हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं।

# सरगम बूंदों की सावन उत्सव का भव्य आयोजन

## कोल इंडिया लिमिटेड ऑफिसर्स वाइव्स समिति की अध्यक्षा हुईं शामिल



**सिंगरौली।** एनसीएल मुख्यालय स्थित अधिकारी क्लब में कृति महिला मण्डल व ज्योत्स्ना महिला समिति के सावनोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड परिवार की प्रथम महिला एवं कोल इंडिया लिमिटेड ऑफिसर्स वाइव्स समिति (सिलोव्स) की अध्यक्षा श्रीमती पी. विमला प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं व सिलोव्स की उपाध्यक्षा श्रीमती रेणुका वर्मा, श्रीमती शोभा रेड्डी, श्रीमती रिंकी नन्दा, श्रीमती अर्चना चौधरी, श्रीमती नंदिनी त्रिपाठी एवं श्रीमती निधि अग्रवाल बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहीं । साथ ही कृति महिला मंडल व ज्योत्सना महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती बीके दुर्गा एवं उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता कुमार, श्रीमती संगीता नारायण, श्रीमती शोभा मलिक , श्रीमती बीना सिंह एवं श्रीमती नीतूबाला प्रसाद बतौर अतिथि उपस्थित रहीं । सभागार में कृति महिला मंडल व ज्योत्सना महिला समिति की सभी सदस्याएँ भी मौजूद थी । सावन महोत्सव के दौरान नारी सशक्तिकरण व अंत्योदय थीम पर आधारित कार्यक्रम के आयोजन स्थल को विशेष रूप से सजाया गया था जो अत्यंत रमणीक था। साथ ही, विशेष सजावट वाला झूला व सेल्फ़ी स्थल भी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुये थे।कार्यक्रम में विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं गईं जिसमें स्वागत नृत्य, अनेकता में एकता नृत्य, कजरी, प्रियम्वदा = देवदासी की कहानी, मोहिनी अट्टम नृत्य, दशावतार, रेट्रो डांस, ए ट्रिब्यूट टु रेन, साथ चले हम व कॉमेडी नाटक जैसे विविध कार्यक्रम शामिल रहे जिनकी प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया । पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों तथा दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। सभागार में उपस्थित सभी महिलाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती पी. विमला प्रसाद ने अपने सम्बोधन में उपस्थित सभी को सावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की । साथ ही उन्होनें कृति महिला मण्डल के द्वारा समाज कल्याण की दिशा में उठाए गए कार्यों की सराहना भी की। सावनोत्सव के दौरान श्रीमती पूनम कुमार एवं श्रीमती स्मिता सिन्हा को सावन सुंदरी चुना गया और साथ ही प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिये गए। कार्यक्रम के दौरान 'अंत्योदय' थीम पर आधारित कृति महिला मंडल की वार्षिक स्मारिका संकल्प के दसवें अंक का विमोचन भी किया जिसमें कृति महिला मंडल के वर्ष भर के जनकल्याणकारी कार्यों व इसकी सदस्याओं की साहित्यिक रचनाओं को प्रकाशित किया गया है।

# 8 वर्ष से फरार दो वारंटी को निगरी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी शिव प्रताप सिंह कि निगरानी में चौकी प्रभारी निगरी श्रीमति प्रियंका सिंह बघेल एवं टीम द्वारा 8 वर्ष से फरार दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार धारा 341,294,323,506 भादवि में फरार आरोपी वारंटी मालती पति रामकुमार जायसवाल निवासी निगरी एवं प्रदीप दुबे पिता संतोष दुबे निवासी निगरी चौकी निगरी थाना सरई को निगरी की पुलिस टीम द्वारा आज सोमवार को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय मे पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी उनि प्रियंका सिंह बघेल, प्रआर भगवानदीन सिंह, कैलाश सिंह, आर. सतीश वास्कले, शुभम बोहत, मनोहर देवड़ा, लालू रावत, मआर विमला सिंह कि सराहनिय भूमिका रही।

# जलागम विकास समिति घोघरा द्वारा पौध वितरण कर किया गया पौधरोपण

## उन्नत कृषि तकनीक एवं स्वरोजगार के साथ-साथ पर्यावरण को भी संरक्षित करना प्रमुख लक्ष्य है : धर्मराज सिंह



**सिंगरौली।** पर्यावरण को सुरक्षित करने हेतु वैश्विक स्तर पर वृक्षारोपण करने का प्रयास जारी है।अभी हाल ही में दो महीने पूर्व पड़ी गर्मी ने जैव जगत में रहने वाले जीवों का जनजीवन अस्त्र-व्यस्त कर दिया था।यहां तक की पर्यावरण की स्थिति ठीक न होने के कारण कहीं ना कहीं प्रकृति के विकराल रूप को भी देखा गया।जहां विद्वानों ने यह अनुमान लगाया कि पर्यावरण को संतुलित करने का मात्र एक ही तरीका है जिसमें सामुदायिक रूप से एक सत्र में एक साथ मिलकर वृक्षारोपण करें तथा जल संचय भी करें।

जिसको दृष्टिगत रखते हुए चितरंगी विकासखंड के ग्राम घोघरा में राष्टीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के तत्वावधान में वाटर सेड,जलवायु परिवर्तन और आजीविका के लिए लगातार 3 वर्षों से समिति द्वारा कार्य किया जा रहा है। बिदित हो कि नाबार्ड के निर्देशन में जलागम विकास समिति द्वारा ग्राम घोघरा सहित आसपास के गांवों में भी जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार कर कार्य को लक्ष्य तक पहुंचाने का प्रयास जारी किया जा रहा है। लोगों को उत्साहित करते हुए फलदार एवं औषधीय एवं जंगली पौधा ग्रामीणों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करने के बाद समिति के सदस्यों में पदाधिकारी द्वारा किसानों को व आसपास के ग्रामीणों को निशुल्क वितरित किया गया तथा उन्हें उक्त पौध ऑन के देख-रेख के संबंध में जानकारी देते हुए औरों को भी बृक्षा रोपण करने हेतु प्रेरित किया गया।ताकि संस्था वृक्षारोपण,जल संरक्षण,मछली पालन, बकरी पालन,कृषि उत्पादन,स्व रोजगार, व लघु एवं कुटीर उद्योग के लक्ष्य के साथ-साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सके। इस दौरान जलागम विकास समिति घोघरा के अध्यक्ष गुलाब प्रसाद बैस,सचिव धर्मराज सिंह,कोषाध्यक्ष नारायण पांडेय, सदस्य निशा देवी, रामकिशोर कोल, संगीता देवी बैस, उषा देवी, मोहनलाल साकेत सहित समाजसेवी लक्ष्मण प्रसाद बैस, उमाशंकर बैस व सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# अमलोरी में मनाया गया कराते का दीक्षांत समारोह , प्रिंस कुमार को मिला ब्लैक बेल्ट

## अन्य दर्जनों कराते का विभिन्न कलर बेल्ट से सम्मानित



**सिंगरौली।** शिकोकाई कराते इंटरनेशनल ब्रांच सिंगरौली एवं सिंगरौली डिस्ट्रिक्ट कराते एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अमलोरी कोयला परियोजना के आफीसर्स क्लब में खेल मिश्रित युद्ध कला कराते का दीक्षांत (बेल्ट वितरण) समारोह सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि नगर निगम सिंगरौली के स्पीकर देवेश पाण्डेय, अमलोरी परियोजना के हिमांशु दुबे विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर सिंगरौली जिला के वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक परमानन्द चौरसिया, कमलेश गुप्ता,भोला वर्मा, अजय बसोर, राजनीति दिनकर(सतना), बृजेश सिंह, अक्षम शाह,सिंटू साकेत आदि के द्वारा कराते की परम्परागत शैली में प्रिंस कुमार को ब्लैक बेल्ट एवं अन्य प्रशिक्षाणार्थियों को विभिन्न कलर बेल्ट पहनाया गया। जबकि प्रमाणपत्र मंचासीन अतिथियों के कर कमलों से प्रदान किया गया। अपने उद्बोधन के दौरान मुख्य अतिथि श्री शाह ने इस अद्भुत कला के विकास, प्रचार -प्रसार की दिशा में सिंगरौली डिक्सट्रिक्ट कराते एसोसिएशन के प्रयासों और उपलब्धियों की प्रसंसा करते हुए जिला के कराते खिलाड़ियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की आगामी कार्यक्रमों को लेकर तैयारी बैठक हुई संपन्न

सिंगरौली

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्टीय नेतृत्व के आह्वान पर एवं मोर्चा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष व मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के निर्देशानुसार मोर्चा के द्वारा आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला सिंगरौली की तैयारी बैठक कुशाभाऊ ठाकरे स्मृति भवन वैढ़न में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामनिवास शाह, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा



जिला महामंत्री व मोर्चा के जिला प्रभारी सुंदरलाल शाह एवं नगर पालिक निगम सिंगरौली के अध्यक्ष देवेश पाण्डेय उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश बैस ने किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने जन जन में देश भक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसमें एक पेड़ मा के नाम के तहत वृक्षारोपण, तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान, महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी एवं विभाजन विश्व का में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने आदि का कार्यक्रम शामिल है। जिसमें मोर्चा की कार्यकर्ताओं की सहभागिता एवं जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा रही है। सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता भीम, जिला महामंत्री डॉ.अजय शाह, आशीष बैस, जिला मंत्री ज्योति चौरसिया, उमेश विश्वकर्मा, जिला कार्यालय मंत्री दीपक सिंह पटेल, मण्डल अध्यक्ष शेषमणि बैस, राधेश्याम शाह, रमाकांत यादव, रामलला कुशवाहा, परविंद शाह, हरिहर केवट, राजितराम बैस जी एवं सत्येन्द्र पुरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ0 अजय मिश्र को बनाया गया प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष

**सीधी।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएषन की मीटिंग गणेष सीनियर सेकेण्डरी पड़रा में आयोजित की गई,जिसमें जिला के प्राइवेट स्कूल संचालक सम्मलित हुए,मीटिंग के दौरान प्राइवेट स्कूल एसोसिएषन के जिला अध्यक्ष श्री नीरज शर्मा जी के द्वारा ज्योत्सना हायर सेकेण्डरी स्कूल सीधी के संचालक डॉ0 अजय मिश्र को प्राइवेट स्कूल एसोसिएषन सीधी का अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव रखा गया जिसका समर्थन सेमफोर्ड स्कूल सीधी के संचालक सतीष सिंह जी के द्वारा किया गया साथ ही उनके साथ सभी संचालको ने समर्थन किया। उसके बाद डॉ0 अजय मिश्र जी द्वारा अध्यक्ष का पद ग्रहण किया गया, और सचिव के रूप में विन्ध्या एकेडमी के संचालक श्री बालेन्द्र मिश्रा जी को नियुक्त किया गया साथ ही साथ प्राइवेट स्कूल एसोसिएषन के उपाध्यक्ष के रूप में एकलव्य स्कूल के संचालक ज्ञानेन्द्र सिंह जी को मनोनीत किया गया है।

डॉ0 अजय मिश्र द्वारा और सदस्यों की घोषणा अपने अगले बैठक में करने को कहा गया हैं।साथ ही डॉ0 अजय मिश्र जी द्वारा बहुत सारी समस्याओ के बारे मे अधिकारियों से बात कर समस्या समाधान के बारे में बात कही गई तथा सभी संचालको के हित में कार्य करने का आष्वासन दिया गया हैं।

# 8 वर्ष का मासूम गिरा नाली में

## नगर परिषद सरई की खुली नाली दे रही मौत को दावत



**सिंगरौली।** सरई नगर परिषद की लापरवाही से मेन बाजार सरई वार्ड क्रमांक 13 होंडा एजेंसी अशोक किराना के सामने नाली में ढक्कन न होने के कारण स्कूल से लौट रहा बालक नाली में गिर गया। वहीं स्थानीय लोगों ने बच्चों को सुरक्षित निकाला जो कि बच्चे को किसी तरह से नुकसान नहीं हुआ लेकिन किसी दिन बड़ा हादसा होने की संभावना हैं। सरई नगर परिषद के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। बाजार से लेकर गांव तक कई जगह नालिया खुली हुई है जो बीमारी के साथ-साथ मौत का निमंत्रण दे रही हैं।

# रोजगार मेला सह कैरियर काउसिलिंग 14 अगस्त को

**सिंगरौली।** जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती सीमा बर्मा ने बताया कि जिले के बेरोजगार युवक,युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, सिंगरौली द्वारा 14 अगस्त 2024 को रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिंग का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर सिंगरौली में सुबह 10 बजें से शांय 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक महिला एवं पुरूष उपस्थित होकर कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। मेले में भाग लेने वली कम्पनियां फ्लिपकार्ट, टाटा ए.आई.ए यशस्वी ग्रुप, एसआईएस सिक्योरटी एवं अन्य कम्पनियाँ द्वारा आवेदको को उनकी योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर उपलंब्ध करायेगी। मेले भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की न्यूनतम योग्यता कक्षा 5 वीं उत्तरीर्ण से लेकर 12वीं, आई.टी.आई. पॉलिटेक्निक, डिग्री, स्नातक निर्धारित किया गया है। मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियो की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तक निर्धारित की गई है।इच्छुक अभ्यार्थी उक्त दिवस को आवश्यक दस्तावेज जैसे बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यता प्राप्त प्रमाण पत्र व फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन आदि के साथ उपस्थित रहे। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार अधिकारी ,जिला रोजगार कार्यालय, सिंगरौली (म0प्र0) से अभ्यार्थी संपर्क कर सकते है।

# हरियाली अमावस्या एवं श्रावण मास झूला महोत्सव मनाया गया



**सिंगरौली।** करणी सेना परिवार सिंगरौली द्वारा जयंत क्लब में हरियाली अमावस्या एवं श्रावण मास झूला महोत्सव व पौधारोपण कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें जिले की करणी सेना परिवार की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस श्रावण माह के शुभ पावन अवसर एवं भारतीय संस्कृति रीति रिवाजों से परिपूर्ण ओतप्रोत, प्रथमीयता, हरियाली अमावस्या मनाया गया। महिलाओं ने सबसे पहले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान अनुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस अवसर पर गाने बजाने के साथ-साथ कई खेल का भी आयोजन हुआ। महिलाओं को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। यह कार्यक्रम सिंगरौली जिले की जिलाध्यक्ष श्रीमती रुचि सिंह चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कविता सिंह एवं संध्या सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष रुचि सिंह चंदेल के द्वारा सभी महिलाओं को श्रृंगार सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन रिचा सिंह ने किया वही सभी का आभार व्यक्त नम्रता सिंह ने किया।

# नक्शा तरमीम के कार्यों में प्रगति लाये : कलेक्टर

## सचिव पटवारी प्रति दिवस कम से कम 50 ई केवाईसी किए जाना सुनिश्चित करे : शुक्ला

**सिंगरौली।** ग्राम पंचायतों के सचिव रोजगार सहायक एवं हल्का पटवारी लंबित ई केवाईसी को घर घर जा कर लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगे उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा उपस्थिति अधिकारियों को दिया गया । कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित ई केवाईसी को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु ग्राम पंचायत वार लक्ष्य निर्धारित कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देश दिए कि पटवारी के साथ अनिवार्य रूप से सचिव एवं रोजगार सहायक ई केवाईसी के लक्ष्य को पूर्ण करवाए।

कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों को नक्शा तरमीम के कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश देते हुए




कहा की प्रति दिवस अपनी स्तर सें कार्यों की समीक्षा पर किया जन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वतंत्र दिवस त्योहार को पूर्ण गिरिमामय मनाने हेतु जिला स्तर पर ब्लॉक स्तर पर सभी ग्राम पंचायतों एवं विद्यालयों में निर्धारीत समय अनुसार ध्वजा रोहण एवं गरिमामय कार्यक्रम के आयोजन हेतु निर्देश दिए साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिन अधिकारियों को पूर्व में जिमेदारियां सौपी गई है उसे समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिए । कलेक्टर ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनों का पत्र हितग्राहियो को सतप्रतिशत लाभ देने तथा स्वरोजगार योजना को ब?ावा दिये जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियो को दिये। । बैठक के दौरान सी एम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकारण के प्रगति की समीक्षा विभाग वार करने के पश्चात निर्देश दिए की जो विभाग सी श्रेणी में है तीन दिवस के अंदर बी श्रेणी में आना सुनिश्चित करें तथा जो बी श्रेणी में है दो दिवस के अंदर ए. श्रेणी में स्थान बनाए। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदनों के साथ साथ जन प्रतिनिधियों से प्राप्त आवेदनों पर पत्रो पर कार्यवाही करने का निर्देश दिए । पीएम जान मन योजना अंतर्गत चयनित आदर्श ग्रामों के विकास की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्स एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए की जिन हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड अभी तक नही बना है अभियान चलाकर उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करे। आवश्यकता होने पर इस अभियान से आशा कार्यकर्ताओं को भी जो? ताकि हितग्राहियो का सुगमता से आयुषमान कार्ड बनाया जा सकै। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर पी.के सेनगुप्ता , संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे, एसडीएम सिंगरौली सृजन वर्मा, राजेश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डी के शर्मा , तहसीलदर रमेश कोल , प्रीति सिकरवार , सीएमएचओं एन. के जैन , अधीक्षण यंत्री विद्युत आर पी मिश्रा , जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर साथ अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोस्वामी तुलसी दास की जयंती पर सम्मान समारोह संपन्न

**सीधी।** सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक रीती पाठक, पूर्व मंत्री कमलेश्वर द्विवेदी व अन्य अतिथियों की मौजूदगी में यदुनाथ वर्मा, गंगा सागर तिवारी, मूलचंद्र कामदार हुए सम्मानित।




श्रीराम चरित मानस समिति सीधी के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर श्रावण शुक्ल पक्ष सप्तमी, 11 अगस्त रविवार को मानस भवन सीधी में यदुवंश वर्मा सेवा निवृत्त शिक्षक, गंगा सागर तिवारी सेवा निवृत्त सहायक आवकारी अधिकारी एवं मूलचंद कामदार समाज सेवी का सम्मान किया गया। तुलसी जयंती समारोह के संयोजक उदय कमल मिश्र अधिवक्ता दी गई जानकारी के अनुसार तुलसी जयंती पंच दिवसीय समारोह में 11 अगस्त को सम्मान समारोह के आयोजन में डॉ राजेश मिश्रा सांसद, संसदीय क्षेत्र सीधी, श्रीमती रीती पाठक पूर्व सांसद, विधायक विधानसभा क्षेत्र सीधी, कमलेश्वर प्रसाद द्विवेदी पूर्व मंत्री म.प्र. शासन, देवकुमार सिंह चौहान अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉ कैलाश तिवारी सेवा निवृत्त संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा, जियंद राम समाज सेवी, लद्धाराम समाज सेवी, श्रीमती आशा मिश्रा जी सेवा निवृत्त शिक्षिका के द्वारा यदुनाथ वर्मा, गंगा सागर तिवारी, मूलचंद्र कामदार को शाल, श्रीराम चरित मानस भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के पूर्व सम्मानित अतिथियों ने गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। तुलसी जयंती समारोह के संयोजक के द्वारा सम्मानित अतिथियों को ओम् नमः शिवाय नामी वस्त्र एवं श्रीराम चरित मानस, सुन्दर कांड़ भेंट कर स्वागत कर आयोजित कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराया। आयोजित कार्यक्रम में सृजन मिश्र एवं श्लोक तिवारी ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किया जिसका संयोजन उमा प्रसाद शर्मा द्वारा किया गया, कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह के द्वारा किया।

श्री मिश्र ने अवगत कराया कि पंच दिवसीय तुलसी जयंती समारोह में 11 अगस्त को राष्ट्र चिंतन तुलसी दास और हम पर व्याख्यान, सम्मान समारोह, एवं गौ वंश प्रेमियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित था लेकिन दुर्भाग्य से मानस भवन में बिजली की अव्यवस्था के कारण सम्मानित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिक की मंशा से सिर्फ सम्मान समारोह आयोजित कर समारोह का समापन करना पड़ा जिस कारण विद्यालयीन छात्र छात्राओं एवं अतिथियों का व्याख्यान एवं गौ वंश प्रेमियों को प्रशस्ति पत्र भेंट नहीं किया जा सका।

तुलसी समारोह में आज 13 अगस्त को भजन,सावन गीत, लोकगीत, राष्ट्र गीत, 14 अगस्त को एकल एवं सामूहिक नृत्य, 15 अगस्त को विशेष प्रस्तुतियां, आयोजन समिति के सदस्यों, गौ वंश प्रेमियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जावेगा साथ ही सभी सहभागी छात्र छात्राओं एवं अन्य कलाकारों को भी प्रशस्ति पत्र भेंट किया जायेगा।

तुलसी जयंती समारोह में चंद्रभान बसंतानी समाज सेवी, चंद्रिका तिवारी आयकर सलाहकार, मनीष मिश्रा प्रभारी प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय सीधी, डॉ रंजना शुक्ला, श्रीमती पूनम तिवारी, संजीव तिवारी, श्रीमती रंजना मिश्रा, डॉ देवेन्द्र द्विवेदी, कमल कामदार, सुनील कामदार, सरोज शर्मा, सरोज द्विवेदी, रामराज सिंह चंदेल, रामायण मिश्र, राकेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र तिवारी, मनोज शुक्ला, अनिल तिवारी, सीताशरण शर्मा, आशीष मिश्रा, पियूष खरें, धर्मोत्तम पांडे, विश्वनाथ गुप्ता छोटू, राजेश सिंह, विनय मिश्रा, रामनरेश मिश्र, पंकज पांडेय, मुनिराज विश्वकर्मा, संजय सिंह, रविराज सिंह, श्रीमती वर्षा गौतम, मो युनूस सिद्दीकी, मो अनसारुल हक, भूपेन्द्र पांडे, भक्त राम नामदेव, महेन्द्र सिंह, जगजीवन तिवारी, संतोष शुक्ला, राकेश मौर्या, प्रदीप पांडेय, पुरूषोत्तम दास गुप्ता, अनिल कुमार शुक्ला, राजेश दीक्षित, करुणा निधान पांडे, सुधेन्दू शर्मा, राकेश सोनी, राकेश कुमार छत्तानी, पुष्पराज सिंह चौहान, के.के. तिवारी, अमरेन्द्र कुमार दुबे, विवेक तिवारी, अतुल राज मिश्र, अभिषेक वर्मा, श्रीकांत त्रिपाठी, याज्ञवल्क्य सोनी, भोला प्रसाद साकेत, प्रिंस दीक्षित, दिपेंद्र तिवारी, अतुल चतुर्वेदी, मंगलेश्वर पटेल, प्रांजल मिश्र, हरीश साहू, प्रदीप पांडेय, रोशन वर्मा के अतिरिक्त शहर के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### समय सीमा बैठक सम्पन्न

# शिकायतों के समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीधी।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने शिकायतों को प्राथमिकता पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यून होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि विभाग प्रमुख शिकायतों की स्वयं निगरानी रखें तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर आवश्यक प्रक्रियात्मक सुधार करें जिससे शिकायतों की संख्या में कमी आए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। जाति प्रमाणपत्र से संबंधित समस्त



आवेदनों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों पर निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर विलोपित कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कार्यालय तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों पर त्वरित कार्यवाही कर वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। पीएम जनमन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बैगा जनजाति के हितग्राहियों को पात्रतानुसार सभी योजनओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उनके जाति प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा बैंक खाते प्राथमिकता पर खोलने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को ब्लाक स्तर पर सतत समीक्षा कर संबंधित विभागों से समन्वय कर लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आरपी त्रिपाठी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र सीधी ने संकट मोचन केवट को दी नई जिंदगी की उम्मीद

**सीधी।** जिले के ग्राम तिलई परसवार के 30 वर्षीय निवासी संकटमोचन केवट, जो कुछ समय पहले लकवाग्रस्त हो गए थे, अब अपने जीवन में एक नई उम्मीद की किरण देख रहे हैं। बीमारी के चलते उन्हें चलने-फिरने में बेहद कठिनाई होती थी, उनकी इस समस्या को देखते हुए जिला अस्पताल सीधी के दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा उन्हें व्हीलचेयर प्रदान की गई।



इस महत्वपूर्ण पहल के दौरान सिविल सर्जन डॉ. दीपा इसरानी और डॉ. अरविंद सोनी ने संकटमोचन केवट को यह व्हीलचेयर प्रदान की। इस मौके पर वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट दीपक त्रिपाठी और पुनर्वास विशेषज्ञ विशेष शिक्षक बौद्धिक विभाग शिवांसु शुक्ला भी उपस्थित रहे।

व्हीलचेयर प्राप्त करने के बाद संकटमोचन केवट ने बताया कि यह सहायता उनके जीवन में नया मोड़ लेकर आई है। अब वह अपनी दैनिक गतिविधियों को बेहतर तरीके से पूरा कर पाएंगे, जिससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान बढ़ेगा। सही समय पर मिली सहायता न केवल किसी व्यक्ति के जीवन में बदलाव ला सकती है, बल्कि उसे एक नई दिशा भी दे सकती है। सीधी के दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ने संकटमोचन केवट को नई उम्मीद और हौसला दिया है, जिससे वह अपनी जिंदगी को फिर से जीने का प्रयास कर रहे हैं।

# विकासखंड सिहावल में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित और ग्रामोदय विश्व विद्यालय के संबद्धता से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्लू के सत्र 2024-25 के कक्षा अध्ययन का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पतुलखी विकास खंड सिहावल जिला सीधी में मुख्य अतिथि जनपद सिहावल सदस्य शशिकला पाठक, विशिष्ट अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश पाठक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अनिल पाठक द्वारा किया गया।



कार्यक्रम का संचालन लीड नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती जी के प्रतिमा में समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विकास खंड समन्वयक अनिल पाठक द्वारा सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया। छात्रों को अपने-अपने ग्राम में नेतृत्व करना है जिसमें शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य और प्रचार प्रसार करना है। प्राचार्य ओम प्रकाश पाठक द्वारा सभी छात्रों को कुशलता के साथ अध्यापन के गुण बताए गए।

मुख्य अतिथि द्वारा सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी गई और विकासखंड समन्वयक द्वारा मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया गया और सभी उपस्थित छात्रों और अतिथियों को नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया। विद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत मुख्य अतिथि तथा अतिथियों द्वारा आम, नीम, कटहल, आंवला के पौधरोपण किया गया। विद्यालय से मायापुर बाजार तक हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई और कार्यक्रम के अंत में परामर्श दाता गोविंद गौतम द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में लीड नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर से रविशंकर मिश्र, परामर्श दाता संदीप कुमार नामदेव, ध्रुव कुमार द्विवेदी, पुष्पराज पटेल, प्रस्फुटन समिति कुबरी से कृष्णकुमार शुक्ला, मृत्युंजय शुक्ला, बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के सभी छात्र एवं छात्राएं, विद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसान उत्पादक संगठन एवं कृषि अधोसंरचना निधि अन्तर्गत जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक तथा जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में नाबार्ड एवं कृषि विभाग द्वारा किसान उत्पादक संगठन एवं कृषि अधोसंरचना निधि योजनान्तर्गत जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर द्वारा एफपीओ के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाईयों के बारे में पूछने पर एफपीओ के प्रतिनिधियों ने बैंक से समय पर ऋण न मिलने, मण्डी या किसी अन्य स्थान पर एफपीओ के उत्पाद के मार्केटिंग



के लिये एक काउन्टर खोलने हेतु मांग की गई। जिसके लिये कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा संबंधित अधिकारियों के नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में उप संचालक कृषि द्वारा बैठक के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए जिले में संचालित एफपीओ की विस्तृत जानकारी दी गई। नाबार्ड के डीडीएम द्वारा एफपीओ के वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही एफपीओ को बीज, खाद एवं पेस्टीसाइड तथा मण्डी आदि के लायसेंस लेने हेतु आग्रह किया गया।

उप संचालक कृषि सीधी द्वारा कृषि अधोसंरचना निधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एफपीओ के माध्यम से किसानो को ड्रोन का इस्तेमाल, नैनो यूरिया व नैनो डी.ए.पी. के उपयोग करने हेतु प्रेरित करने को कहा गया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, कृषि एवं नाबार्ड के डी.डी.एम., एल.डी.एम. तथा सहयोगी विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ डॉ अलका सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी के अलावा एफ.पी.ओ. के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस को मदिरा का क्रय, विक्रय, परिवहन एवं वितरण प्रतिबंधित रहेगा

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी किया गया है कि जिले की समस्त प्रकार की मदिरा दुकानें, मदिरा गोदाम, होटल बार (एफ.एल.-3), रेस्तरा बार (एफ.एल.-2), एवं देशी मद्य भाण्डागार सीधी दिनांक 15 अगस्त 2024 को पूर्णतः बंद रहेंगी। उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की मदिरा का क्रय, विक्रय, परिवहन एवं वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने आदेश का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# जिले में औसत वर्षा 743.6 मि.मी. दर्ज, रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा

**सीधी**

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 12 अगस्त को सीधी जिले में 23.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 147.5 मि.मी., चुरहट में 2.2 मि.मी., गोपद बनास में 16.0 मि.मी., सिहावल में 1.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 743.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 12 अगस्त तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 966.3 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 627.2, गोपद बनास में 685.6, सिहावल में 690.8, बहरी में 658.4, मझौली में 665.0 और कुसमी में 912.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 468.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 275.5 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत देशव्यापी शपथ का किया गया आयोजन



**सीधी।** नशा मुक्त भारत अभियान के पांचवें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर सोमवार को देशभर में एक विशाल शपथ समारोह का आयोजन किया गया। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिल्ली के मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड में इस समारोह का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में हजारों शिक्षण संस्थानों, राज्यों, जिलों और सार्वजनिक संस्थानों से लाखों प्रतिभागियों ने एक साथ शपथ ली। इस वर्ष नशा मुक्त भारत अभियान की थीम श्विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्रश् रखी गई है, जो देश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य को और भी प्रबल करती है। इस अवसर पर मंत्री ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनिक अधिकारियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए सभी का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह में ऑनलाइन माध्यम से भी सहभागिता सुनिश्चित की गई। एनआईसी के माध्यम से इस शपथ समारोह का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें देशभर से लोग जुड़कर इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं। देश को नशा मुक्त बनाने की इस पहल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर भी किया गया। सीधी एनआईसी केंद्र से उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा एवं अन्य अधिकारी सम्मिलित हुए।

## स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम मशीनें वेयरहाउस में स्थानांतरित होंगी

**सीधी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रयुक्त मशीनें जो मतगणना उपरांत संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी में स्थापित स्ट्रांग रूम में रखी हुई हैं आयोग के निर्देशानुसार उक्त मशीनों को जिला निर्वाचन सदन वेयरहाउस में दिनांक 14.08.2024 को समय 10.30 बजे से स्थानांतरित किया जाना है।

उन्होने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को सूचित किया है कि स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को नियत तिथि एवं समय पर संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय पुराना भवन स्थिति स्ट्रांग रूम खोलने एवं निर्वाचन सदन स्थित वेयर हाउस खोलते समय उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संकल्पों के साथ हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

### नशा मुक्ति पर शपथ ग्रहण के साथ पौधरोपण एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया

**सीधी**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं पर स्नातक की कक्षाओं का शुभारंभ शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु रविवार 11 अगस्त 2024 को जिले के समस्त पांच अध्ययन केंद्र यथा संजय गांधी महाविद्यालय सीधी, शासकीय महाविद्यालय रामपुर नैकिन, शासकीय महाविद्यालय मझौली, शासकीय मॉडल स्कूल कुसमी एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पतुलखी अध्ययन केंद्र में उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया गया। मुख्यमंत्री जी के



संकल्प तथा समाज से नेतृत्वकर्ता का निर्माण कर समाज के लिए अहम भूमिका निभाने हेतु संचालित इस कोर्स में एक अध्ययन केंद्र पर प्रत्येक वर्ष क्रमशः 40 एवं 50 विद्यार्थियों का प्रवेश करवा कर ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट सतना द्वारा समाज कार्य में स्नातक एवं परास्नातक की डिग्री प्रदान की जाती है। प्रत्येक रविवार को महाविद्यालय में कक्षाएं आयोजित होती हैं। असाइनमेंट प्रोजेक्ट क्षेत्रीय कार्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इन छात्रों के द्वारा कार्य किया जाता है। आगामी समय में मुख्यमंत्री जी द्वारा समस्त छात्रों को अपने गांव में शासन की योजनाओं के संचालन तथा जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य योजना पर कार्य करने का आह्वान भी किया गया है।

कार्यक्रम में परामर्शदाताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय सीधी में मुख्य अतिथि के रूप में अजय मिश्रा भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश के प्रांत उपाध्यक्ष एवं ज्योत्सना पब्लिक स्कूल के संचालक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संजय गांधी महाविद्यालय सीधी डॉ पी के सिंह द्वारा की गई, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रविंद्र सिंह एवं डॉ. दिलीप सोनी प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पाठ्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इस आशा और विश्वास के साथ प्रतिभागियों को संदेश देने का काम किया गया कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचेंगी। साथ ही समाज में एक अच्छे नेतृत्वकर्ता इस पाठ्यक्रम के माध्यम से खड़े होंगे। जिला समन्वयक शिवदत्त उरमलिया द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आयामों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता विनय तिवारी एवं आभार प्रदर्शन अश्वनी पटेल के द्वारा किया गया।

## संपादकीय

### बड़े शहरों में सुरक्षा मानकों पर फेल हैं कई खेल

शहरों-महानगरों में बने व्यावसायिक परिसरों या माल में जाने वाले लोग आमतौर पर सामान की खरीदारी के अलावा वहां होने वाली अलग-अलग गतिविधियों के प्रति भी आकर्षित होते हैं। इनमें पैसा चुका कर खेले जाने वाले कई तरह के खेल भी शामिल होते हैं, जो खासतौर पर बच्चों का ध्यान खींचते हैं। इन परिसरों में सुरक्षा के उच्च मानकों का पालन करने का दावा किया जाता है। मगर चंडीगढ़ के एक मशहूर माल में जिस तरह 'खिलौना ट्रेन' के अचानक पलट जाने से एक बच्चे की जान चली गई, उससे यही साबित हुआ है कि लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए ऐसी जगहों का प्रबंधन समूह कारोबारी गतिविधियां संचालित तो करता है, लेकिन उसके सुरक्षित होने को लेकर पर्याप्त फिक्र नहीं की जाती। माल में 'खिलौना ट्रेन' में बच्चों को बिठा कर उसे चलाते हुए इसका ध्यान रखने की जरूरत नहीं समझी गई कि गाड़ी में बैठे बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करनी है। नतीजतन, एक जगह मुड़ते हुए गाड़ी पलट गई और उसके डिब्बे से ग्यारह वर्ष के एक बच्चे के सिर में इस तरह चोट लगी कि उसकी जान चली गई।साफ है कि यह प्रबंधन की जिम्मेदारी उठाने में बरती गई घोर लापरवाही है, जिसकी कीमत एक परिवार को इस त्रासद तरीके से चुकानी पड़ी। व्यावसायिक परिसरों में ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जहां मनोरंजन आदि के लिहाज से किसी खेल का संचालन किया जाता है। मगर वहां सुरक्षा इंतजामों को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरती जाती है, जिसका खमियाजा वहां आए बच्चों या लोगों को भुगतना पड़ता है। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं जब गुजरात के राजकोट में एक खेल परिसर में आग लगने से कम से कम तीस लोगों की जान चली गई थी। इस तरह के हादसों के उदाहरण होने के बावजूद व्यावसायिक परिसरों में बच्चों के लिए आयोजित गतिविधियों में हर स्तर पर जरूरी सावधानी क्यों नहीं बरती जाती है?

# हमास और फतह को एकजुट करने के पीछे क्या है चीन की मंशा?

**चीन का मानना है कि पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए फिलिस्तीन में आंतरिक सुलह आवश्यक है। 21 से 23 जुलाई के बीच आयोजित सुलह वार्ता में फतह और हमास सहित 14 फिलिस्तीनी गुटों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गाजा और इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के लिए एक अस्थायी सरकार के गठन पर सभी दल सहमत हुए हैं। सभी दल फिलिस्तीन मुक्ति संगठन में शामिल होने के लिए भी सहमत हुए हैं, और इसे फिलिस्तीनियों का एकमात्र वैध प्रतिनिधि संगठन के रूप में स्वीकार किया गया।**

(डॉ मीनू)

वैश्विक मामलों में चीन की बढ़ती भूमिका से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में एक दिलचस्प पहलू जुड़ गया है। चीन ने बीते वर्ष मार्च में ईरान और सऊदी अरब के बीच सात साल पुरानी शत्रुता को सुलह द्वारा समाप्त करके पश्चिमी देशों को आश्चर्यचकित कर दिया था, खासतौर पर अमेरिका को। चीन भी इसे एक बड़ी सफलता की तरह देख रहा है। इसी दिशा में इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के मद्देनजर 17 वर्षों से चले आ रहे फिलिस्तीनी राजनीतिक विभाजन को समाप्त करने के लिए इस सप्ताह बीजिंग में सुलह वार्ता आयोजित की गई। चीन का मानना है कि पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए फिलिस्तीन में आंतरिक सुलह आवश्यक है। 21 से 23 जुलाई के बीच आयोजित सुलह वार्ता में फतह और हमास सहित 14 फिलिस्तीनी गुटों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गाजा और इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के लिए एक अस्थायी सरकार के गठन पर सभी दल सहमत हुए हैं। सभी दल फिलिस्तीन मुक्ति संगठन में शामिल होने के लिए भी सहमत हुए हैं, और इसे फिलिस्तीनियों का एकमात्र वैध प्रतिनिधि संगठन के रूप में स्वीकार किया गया । जहाँ हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी मौसा अबू मरज़ौक ने समझौते को ऐतिहासिक क्षण कहा, वहीं फतह के उप नेता महमूद अल-अलौल ने फिलिस्तीनी लोगों का समर्थन करने के लिए चीन की सराहना की। निस्संदेह रूप से यह समझौता पश्चिम एशिया में बीजिंग के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। हालांकि हमास और फतह के बीच मतभेद समाप्त करना इतना आसान नहीं। पिछले कई प्रयासों के परिणामस्वरूप पहले भी प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच एकता स्थापित करने के लिए संयुक्त बयान और समझौते हुए हैं, लेकिन वे सभी प्रयास विफल रहे हैं। मिस्र के नेतृत्व में अरब देशों के दबाव में हमास और फतह ने अक्टूबर 2017 में काहिरा में एक सुलह समझौता हुआ था जो कि विफल रहा।

**फतह- हमास मतभेद:** वर्षों से ये दोनों संगठन एक-दूसरे के विरुद्ध रहे हैं । दोनों गुट विचारधारा और इजरायल के प्रति अपनी रणनीति के मामले में एक दूसरे से अलग है। हमास एक इस्लामवादी संगठन है जो सशस्त्र प्रतिरोध का समर्थन करता है, वहीं फतह की छवि एक सेक्युलर गुट की है जो वार्ता के जरिए समस्या का समाधान चाहता है। संसदीय चुनावों में फतह पार्टी को हराने के बाद 2007 से हमास का गाजा पट्टी पर कब्ज़ा रहा है। फतह बहुदलीय फिलिस्तीन मुक्ति संगठन में सबसे बड़ा गुट है और वेस्ट बैंक में लंबे समय से सीमित स्व-शासन कर रहा है। दोनों गुटों का उद्देश्य है पूर्वी येरुशलम, गाजा पट्टी, और वेस्ट बैंक को फिलिस्तीन का भाग बनाना जिन पर इज़राइल ने 1967 में कब्जा कर लिया था।

दोनों संगठनों के बीच मतभेद एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना जब पिछले वर्ष अक्टूबर 2023 में इस्लामी संगठन हमास ने गाजा सीमा के पार इजरायली सैन्य और नागरिक ठिकानों पर व्यापक हमले



किए जिसके कारण गाजा में एक घातक युद्ध शुरू हो गया। इज़राइली सूत्रों के अनुसार, लगभग 1,200 लोगों की मृत्यु हुई और 250 से अधिक व्यक्तियों को गाजा में बंधक बना कर ले जाया गया। इसके जवाब में इजराइल ने युद्ध की आधिकारिक घोषणा करते हुए गाजा पट्टी पर अनेक हवाई हमले किए और हमास के नियंत्रण वाले क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, दक्षिणी गाजा में हालिया इजरायली हमलों के बाद फिलिस्तीन में मरने वालों की संख्या 39,000 से अधिक पहुंच गई है। एक तरफ फतह आंदोलन के नेता और फ़िलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हमास पर युद्ध को भड़काने का आरोप लगाया है, वहीं दूसरी तरफ हमास फिलिस्तीनी राष्ट्रपति पर इजराइल का पक्ष लेने का आरोप लगा रहा है। दक्षिणी गाजा पर इजराइली हवाई हमले के दौरान हमास के सैन्य विंग के नेता मुहम्मद दाएफ सहित कई लोग मारे गए, तब से इन दोनों के बीच मतभेद और भी गहरे हो गए।

पश्चिमी देश हमास को एक आतंकवादी संगठन मानते हैं जबकि चीन इसे फिलिस्तीनियों के स्वतंत्रता संघर्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के रूप में देखता है। युद्ध के पश्चात अमेरिका, इज़राइल, और ब्रिटेन ने हमास के साथ सरकार के गठन को अस्वीकार कर दिया है। इन देशों में यह सामान्य सहमति है कि युद्ध के बाद हमास को किसी भी भूमिका से बाहर रखा जाए। वहीं दूसरी तरफ चीन ने स्पष्ट रूप से फिलिस्तीन समर्थक रुख अपनाया है।

**चीन की तटस्थता पर सवाल:** चीन फतह के नेतृत्व वाले फिलिस्तीनी प्राधिकरण को वैध सरकार मानता है। लेकिन बीजिंग के हमास के साथ भी करीबी संपर्क हैं। ऐसे में चीन की मध्यस्थता की भूमिका पर कई बड़े सवाल खड़े किये जा रहे हैं। चीन पर यह आरोप है कि वह 7 अक्टूबर के हमले से पहले भी हमास के संपर्क में था। अमेरिकी वायु सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी लैलारी का मानना है कि हमास को इजराइल पर हमले की हरी झंडी देने में ईरान का नहीं बल्कि चीन का हाथ है। उन्होंने संडे गार्डियन में छपे एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा करते हुए बताया कि इजरायली रक्षा बलों को गाजा में भारी संख्या में चीनी हथियार, खुफिया जानकारी एकत्र करने वाले उपकरण और चीन द्वारा सैन्य आपूर्ति के साक्ष्य मिले हैं। हमास को चीनी रॉकेट तकनीक की भी जानकारी थी। लैलारी का कहना है कि यह संभव है कि चीन ने हमास को हथियारों की आपूर्ति करने के लिए ईरान का रास्ता अपनाया हो ताकि वह खुद को प्रत्यक्ष संलिप्तता के किसी भी आरोप से बचा सके। हमास की सैन्य विंग के प्रमुख मोहम्मद दाएफ को 1990 के दशक में तत्कालीन पीएलओ ने चीन भेजा था। दाएफ ने वर्ष 2000 में हेबेई प्रांत के शिजियाझुआंग स्थित पीएलए जनरल आर्मामेंट डिपार्टमेंट के ऑर्डिनेंस इंजीनियरिंग कॉलेज में तोपखाने और रॉकेट विज्ञान की पढ़ाई पूरी की और इसके बाद वह हमास में शामिल हो गया।

**अमेरिका से प्रतिस्पर्धा:** जहाँ चीन फिलिस्तीनी नेतृत्व को एकजुट करने में लगा है, वहीं इजराइल को अमेरिका का समर्थन प्राप्त है। वास्तव में यह संघर्ष हमास और इज़राइल के बीच नहीं है, बल्कि दो प्रतिस्पर्धी महाशक्तियों, अमेरिका और चीन के बीच एक बड़े भू-राजनीतिक खेल का हिस्सा है। यह आश्चर्यजनक नही है कि फिलिस्तीन-इजराइल संघर्ष सितंबर 2020 में अब्राहम समझौते के बाद शुरू हुआ। लैलारी के अनुसार अक्टूबर 2023 में अब्राहम समझौते के अंतर्गत इजराइल और सऊदी अरब के बीच संभावित सामान्य संबंधों को बाधित करने के लिए ही इजराइल पर हमले की योजना बनाई गई थी। चीन को चिंता थी कि इजराइल और सऊदी अरब करीब आ जाएंगे जिससे अमेरिका का दबदबा पश्चिम एशिया में बना रहेगा और चीन का प्रभाव उस क्षेत्र में सीमित हो जायेगा। सितंबर 2023 में नई दिल्ली में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर की घोषणा से भी चीन चिंतित था। चीन भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के लिए एक चुनौती के रूप में देखता है। यह असामान्य नही है कि 7 अक्टूबर 2023 के हमलों के परिणामस्वरूप इजराइल-सऊदी अरब समझौता और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर दोनों को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया।

**चीन के आर्थिक हित:** इस क्षेत्र में चीन के आर्थिक हित घनिष्ट रूप से जुड़े हुए हैं। पड़ोसी देशों और लाल सागर तक टकराव फैलने की संभावना चीन के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। चीन अरबों डॉलर के निवेश और व्यापार सौदों के माध्यम से खाड़ी देशों में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कर चुका है। बीजिंग इस क्षेत्र से अपने कच्चे तेल के आयात का लगभग 47 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा प्राप्त करता है। जहाँ सऊदी अरब चीन का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है वहीं ओमान, इराक, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत भी चीन के शीर्ष 10 आपूर्तिकर्ताओं में से है। इसके आलावा चीनी दूरसंचार कंपनी हुवावे सऊदी अरब, कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात में 5जी नेटवर्क सेवाएं प्रदान कर रही है। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के माध्यम से चीन पश्चिम एशिया के देशो में बंदरगाह और औद्योगिक पार्कों में बड़े स्तर पर निवेश कर चुका है जो फारस की खाड़ी को अरब सागर, लाल सागर और भूमध्य सागर से जोड़ने में मदद करती है।

# मनीष की रिहाई के सियासी मायने

(आशुतोष, वरिष्ठ पत्रकार)

दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। सतरह महीने जेल में रहने के बाद अब वह खुली हवा में सांस लेंगे। कोर्ट प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई से नाराज दिखा। उसने फटकार भी लगाई और यह संदेश भी दिया कि इतने लंबे समय तक सिसोदिया को जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। कोर्ट निचली अदालत से भी खफा नजर आया, लेकिन इन नाराजगियों और टिप्पणियों का हासिल क्या है? क्या इससे सिसोदिया के जेल में बिताए दिन वापस आ जाएंगे या ईडी अधिकारी हर तरह के दबाव से मुक्त होकर ईमानदारी से काम करने लगेंगे या फिर निचली अदालतें तुरंत जमानत दे देंगी और सिर्फ असाधारण परिस्थितियों में आरोपी को जेल की सैर करनी होगी?

यकीन मानिए, ऐसा कुछ भी नहीं होगा और सब कुछ पहले की तरह ही चलता रहेगा, जब तक कि इस पूरे तंत्र की समीक्षा नहीं होगी और इसमें बुनियादी बदलाव नहीं किए जाएंगे। दरअसल, आजादी के बाद लोकतंत्र की बात करते हुए हमारा पूरा तंत्र ही लोकतंत्र विरोधी होता गया, जो सरकार और शासन की जिम्मेदारी तय करने की जगह आम नागरिक की जिम्मेदारी तय कर रहा है। ये स्थितियां आने वाले दिनों में सुधरने वाली नहीं हैं, क्योंकि सत्ता को यह सूट करता है और सत्ता कैसी भी हो, उसका स्वभाव ऐसा है कि वह नागरिक अधिकारों के हनन को अपनी मूल जिम्मेदारी समझती है।

बहरहाल, मैं मनीष के मुकदमे की 'मेरिट' पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहा, लेकिन यदि सिस्टम ऐसा हो जाए, तो फिर यह सवाल लोगों के बीच जरूर उठेगा और उठना चाहिए कि क्या मनीष को फंसाया गया है? कथित शराब घोटाले में संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल के बाद मनीष सिसोदिया तीसरे हाई प्रोफाइल नेता हैं, जिन्हें ईडी के मामलों में जमानत मिली है। संजय सिंह के मामले में कोर्ट ने एक तरह से उन्हें निर्दोष ही कह दिया था। केजरीवाल और सिसोदिया के मामले अलग हैं। ये दोनों नेता सरकार में थे, जब दिल्ली की शराब नीति बनी और इन पर गंभीर आरोप लगे। बहरहाल, जांच एजेंसियों की कोई भी कार्रवाई संविधान प्रदत्त नागरिक स्वतंत्रता के



मौलिक अधिकार से ऊपर नहीं हो सकती। इस आधार पर किसी की नागरिक स्वतंत्रता को लंबे समय तक निरस्त नहीं किया जा सकता कि अभी जांच पूरी नहीं हुई है, क्योंकि यह अधिकार किसी अधिकारी या जांच संस्था को नहीं दिया जा सकता कि वह तय करे कि किसी की नागरिक स्वतंत्रता पर वह कब तक अंकुश रखेगी। अदालत संविधान की संरक्षक होने के नाते ऐसे मामलों में दखल दे सकती है, जैसा कि मनीष के मामले में उसने किया है।

मनीष सिसोदिया ने जेल जाने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन केजरीवाल अभी भी मुख्यमंत्री हैं और जेल से ही सरकार चलाने का दावा कर रहे हैं। लिहाजा अब केजरीवाल को ही यह तय करना है कि वह मनीष को फिर उप-मुख्यमंत्री बनाते हैं या नहीं? बेहतर तो यही है कि दिल्ली को एक सक्रिय सरकार मिले, न कि ऐसी सरकार, जो जेल से चलाई जा रही हो। यह स्थिति खुद केजरीवाल की छवि के लिए भी अच्छी नहीं है और न ही दिल्ली की जनता के लिए। फिर आम आदमी पार्टी को भी जेल से सरकार चलाने का कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिल रहा है। गौर कीजिए, लोकसभा चुनाव के ठीक पहले केजरीवाल जेल गए थे और अदालती फैसले से वह चुनाव प्रचार के लिए बाहर भी आए, मगर दिल्ली की जनता पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। कांग्रेस से गठबंधन के बावजूद आम आदमी पार्टी दिल्ली में एक भी सीट नहीं जीत पाई। पंजाब में भी वह सिर्फ तीन सीट निकाल पाई, जबकि वहां कांग्रेस ने सात सीटें जीतीं, यानी केजरीवाल को जेल जाने की कोई सहानुभूति नहीं मिल रही है।

अगले साल की शुरुआत में ही दिल्ली विधानसभा के चुनाव हैं। अगर यही हालात बने रहे, तो आप को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। 2013, 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों की तुलना में अब माहौल में काफी अंतर आ चुका है। उन तीनों चुनावों में आम आदमी पार्टी और केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप नहीं लगे थे। ऐसे में, मनीष सिसोदिया को जमानत मिलना आपदा में अवसर जैसा हो सकता है। दिल्ली की राजनीति में कुछ बदलाव करके पार्टी अपनी खोई जमीन दोबारा हासिल करने की कोशिश कर सकती है। आप को नए सिरे से खड़ा करने की जरूरत है। इसे पुरानी मानसिकता से निकलने की आवश्यकता है। इसका अर्थ यह नहीं कि वह केजरीवाल से छुटकारा पा ले। वह बड़े नेता हैं और रहेंगे। पार्टी तो उनके ही नेतृत्व में चलेगी, लेकिन 2013 से अब तक जो मानसिकता आप को चला रही थी, उसे बदलना होगा। उसे टकराव और तकरार की जगह सहकार का रास्ता अपनाना होगा। मनीष यह काम कर सकते हैं। वह पार्टी और नौकरशाही को भी भरोसे में लेकर चल सकते हैं।

एक उम्मीद का नाम थी आम आदमी पार्टी। पिछले वर्षों में वह उम्मीद धूमिल हुई है। इसी का नतीजा है कि केजरीवाल के जेल जाने पर दिल्ली-पंजाब की जनता सड़कों पर नहीं आई। वही जनता, जो 2011 में अन्ना हजारे और केजरीवाल को तिहाड़ भेजे जाने के बाद आंदोलन पर उतर आई थी और मनमोहन सरकार को उन्हें जेल से रिहा करने के लिए मजबूर कर दिया था। आप की पूंजी उसकी नैतिक सत्ता है। राजनीति उसका प्रतिफल है, अंत नहीं। अफसोस! केजरीवाल और उनकी पार्टी राजनीति को ही अपनी ताकत समझ बैठी है, लिहाजा जनता उदासीन है।

सबसे पहले आम आदमी पार्टी को यह समझना होगा कि पार्टी आईसीयू की तरफ जा रही है। केजरीवाल एकमात्र शख्स हैं, जो उसे बचा सकते हैं। देर-सबेर उन्हें भी जमानत मिल ही जाएगी। मगर सत्ता का मोह छोड़ वह भी राहुल गांधी की तरह जनता के बीच घूमना शुरू करें। यह काम उन्हें 2015 में ही करना था, जब देश उनका इंतजार कर रहा था। देश को अभी भी उस केजरीवाल का इंतजार है, जो हवाई चप्पल में ढीली पैंट-शर्ट पहने घूमा करते थे। वह केजरीवाल कहीं गुम हो गए हैं। उन्हें खोजने की जरूरत है। मनीष सिसोदिया को मिली जमानत, वह दरवाजा खोल सकती है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## वर्ग पहेली 5460

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | 5 |
| 6 | | 7 | | 8 | | | |
| | | 9 | | | | 10 | |
| | | | | | | 11 | |
| 12 | 13 | | 14 | | 15 | | |
| 16 | | 17 | | | | | |
| | | | | 18 | | | |
| 19 | | | | | 20 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 27 सितंबर 1949 को बीजिंग शहर को इस देदश की नई राजधानी चुना गया (2)
4. जिंदगी, पुरानी फिल्मों के दिवंगत खल एवं चरित्र अभिनेता (3)
6. कामयाब न होना, असफल होना (6)
9. एशिया के दक्षिणी पूर्वी तट से करीब 900 किमी.दूर विषवत रेखा पर स्थित देश फिलीपींस की यह राजधानी है (3)
10. जो, अगर (2)
11. अंतकरण, ह्दय, चित्त (2)
12. अध्ययन करने की क्रिया को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
15. बल, मरोड़, ऐंठ, सल (3)
16. चकवा पक्षी को यह भी कहा जाता है (4)
18. धनागम, इंकम, आमदानी (2)
19. यह अरब राज्य 15 अगस्त 1971 को स्वाधीन हुआ था (4)
20. अधीनता, मातहती, अधिकार, वश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मुख्यमंत्री को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
2. श्रीराम की सेना का एक शिल्पकार वानर, जल प्राप्ति का कृत्रिम स्त्रोत (2)
3. आकाशीय विद्युत, बिजली, तड़ित (3)
4. जीवित रहना, सजीव रहना (2)
5. इस फिल्म में संजीव कुमार ने नौ भूमिकाऐं निभाई थी (8)
7. लवण, लोन, खारे जल से तैयार किया गया क्षार पदार्थ (3)
8. माथा, मस्तक, भाल (3)
10. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द बार-बार आकर भिन्न-भिन्न अर्थ देता है (3)
13. किसी महाविद्यालय का प्रमुख, प्रिंसिपल, किसी विश्वविद्यालय में संकायाध्यक्ष (2)
14. नायक, किसी नाटक फिल्म का प्रमुख पात्र (2)
15. उपालंभ, शिकवा (4)
17. उपस्थिती, हाजिर होने का भाव (3)

### वर्ग पहेली 5459 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | व | आ | नं | द | | | |
| व | र | ना | | ही | र | सं | झा |
| की | | जा | वा | | पता | | र |
| सु | हा | ना | स | फ | र | | खं |
| त | ल | | व | | | रौ | ड |
| | | आ | द | म | | ज | |
| ला | रा | द | त्ता | | बे | गा | ना |
| वा | न | र | | | क | र | ना |

# बहरा करता ये शोर

(अक्षय शुक्ला)

आजकल जिसे देखो ब्लूटूथ ईयरफोन लगाए दिखता है। मॉर्निंग वॉक हो, जिम में एक्सरसाइज़ के वक्त, पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर करते या फिर दफ्तर का कोई काम करते हुए लोगों के कान में ये दो छोटे पीस लगे रहते हैं। इन्हें लगाए कोई संगीत में डूबा रहता है तो कोई किसी से बात कर रहा होता है।

अब ये आज की ज़रूरत बन गया है या बुरी लत, पता नहीं, लेकिन जिस तरह से लोग इसे हर वक्त लगाए रहते हैं, वह उनके कानों के लिए तो बिलकुल ठीक नहीं। इसके साइड इफेक्ट्स को लेकर आ रहीं तमाम खबरें भी यही कह रही हैं। और बेहतर समझना है तो मशहूर प्लेबैक सिंगर अलका याज्ञनिक का केस देख सकते हैं, जिन्हें हाल ही में एक रेयर न्यूरो डिज़ीज़ से ग्रस्त होने का पता चला। सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए अलका ने बताया कि उनकी सुनने की क्षमता प्रभावित हो गई है।

उन्होंने लिखा, कुछ दिनों पहले विमान से उतरते हुए महसूस हुआ कि मुझे कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा है। डॉक्टरों ने सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस डायग्नोज़ किया। मैं शॉकड रह गई और संभलने में कुछ वक्त लगा लेकिन अब अपने फैंस और शुभचिंतकों से यही कहना चाहती हूं कि तेज़ आवाज़ में संगीत बिलकुल न सुनें और हेडफोन्स से दूर रहें।

अलका की यह बीमारी चौतरफा शोर से घिरे हर व्यक्ति के लिए खतरे की घंटी है। डॉक्टरों के मुताबिक, कान के अंदरूनी हिस्से में चोट लगने से मस्तिष्क से संचार में दिक्कत आने लगती है। इससे धीरे-धीरे सुनाई देना बंद होता जाता है और कई मामलों में किसी भी दवा या सर्जरी से यह बीमारी दूर नहीं हो पाती। लगातार तेज़ आवाज़ में कुछ सुनने या विस्फोट की वजह से भी यह समस्या आ सकती है।

चिंता की बात है कि ऐसे मरीज़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हर महीने करीब डेढ़ सौ मरीज़ कम सुनाई देने की परेशानी लेकर पहुंच रहे हैं। कुछ दिनों पहले, उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने चेताया भी था कि दो घंटे से अधिक ईयरफोन का इस्तेमाल करने से सुनने की क्षमता कम हो सकती है। अमूमन, 75 डेसिबल तक की आवाज़ सुरक्षित मानी जाती है, लेकिन 50 डेसिबल से तेज़ आवाज़ में ईयरफोन से लगातार कुछ सुन रहे हैं तो बहरेपन का खतरा चार गुना बढ़ जाता है।

दरअसल, हमारी ज़िंदगी में शोर कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। शादी ब्याह के मौके पर या किसी भी सार्वजनिक व धार्मिक कार्यक्रम के दौरान बड़े-बड़े लाउडस्पीकर्स पर अत्यधिक तेज़ आवाज में संगीत बजाना आम हो चुका है। यह कितना घातक हो सकता है, इसे पिछले संडे मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में हुई दर्दनाक घटना से समझा जा सकता है। यहां दीवार गिरने से उसमें दबकर नौ बच्चों की मौत हो गई थी। जांच में सामने आया कि लाउडस्पीकर के तेज़ शोर की वजह से यह जर्जर दीवार ढह गई। चार महीने पहले उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में भी ऐसा ही हुआ था, जहां शादी समारोह में बज रहे तेज़ डीजे के कारण कच्ची दीवार ढहने से दो युवकों की मौत हो गई थी।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन बदलाव से भरा हो सकता है और आपका भाग?य इसमें आपका साथ देगा। ऑफिस में आपकी तरक?की को देखकर लोग आपसे जलेंगे और उनका मूड खराब रहेगा। आपका दिन परोपकार करने में और दूसरों की मदद करने में बीतेगा और ऐसा करने से आपको सुकून मिलेगा।

### वृषभ
आज किस?मत साथ दे रही है और दिन परिजनों के साथ आनंद में बीतेगा। दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिल सकता है और आपका मन खुश रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। शाम के वक्त मेहमानों के आने से आपको खुशी होगी और उनके साथ वक्त अच्छा बीतेगा।

### मिथुन
आज लाभ होगा और उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति होगी और आपकी कोई बड़ी अभिलाषा पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी और किसी मामले में व्यर्थ व्यय से बचें।

### कर्क
आज लाभ और सफलता प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति से आपको हर्ष होगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

### सिंह
आज सफलता प्राप?त होगी। संतान की तरक?की को देखकर आप खुश होंगे। आप प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तो आपको रुका धन मिलेगा। पाचन क्रिया में परेशानी आ सकती है। शाम से लेकर रात तक आपको कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और कुछ जरूरी कार्य आपके पूरे हो सकते हैं। पुण्य कार्यों पर आपका धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

### तुला
आज दिन शुभ है और आपके लिए विशेष उपलब्धि हासिल करने के योग बन रहे हैं। आय के नये स्त्रोत बनेंगे। वाक?पटुता से आपको लाभ होगा। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आपके सम?मान और यश कीर्ति में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन?न होगा। प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

### धनु
आज करियर में सफलता प्राप?त होगी और रुके कार्य पर आपका धन खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपकी भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। ऑफिस में आपके सहयोगी आपकी हर मामले में आपकी मदद करेंगे। तनाव बढ़ सकता है।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा। मन में हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और हर मामले में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है तो आपका मन प्रसन्न होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

### कुंभ
आज दिन काफी दौड़भाग वाला रहेगा। अचानक से आपको शारीरिक कष?ट और भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपके लिए खर्च की स्थिति अधिक आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के वक?त आपकी सेहत में सुधार होगा।

### मीन
आज करियर में लाभ होगा। आपको किसी काम से पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सांयकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलकाता डॉक्टर रेप मर्डर केस, दिल्ली एम्स के चिकित्सकों ने निकाला कैंडल मार्च



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन (आरडीए) ने पश्चिम बंगाल की ट्रेनी महिला चिकित्सक के लिए इंसाफ की मांग की। रविवार को बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकालकर अपना विरोध जताया। कैंडल मार्च में शामिल डॉक्टरों ने कहा कि हम मृतका के लिए इंसाफ की मांग करते हैं। डॉक्टरों को सुरक्षा दी जानी चाहिए। सम्मान हमारी प्राथमिकता है। इस मार्च के दौरान डॉक्टरों ने नारेबाजी की और पश्चिम बंगाल की मृतक ट्रेनी महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने सरकार से डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग भी की। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की। इसके अलावा घटना के कारणों की जांच और डॉक्टरों की सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। आईएमए ने शनिवार को कहा था कि अगर 48 घंटे के भीतर इस मामले में कार्रवाई नहीं होती है तो आईएमए राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

बता दें कि पिछले दिनों कोलकाता आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की महिला डॉक्टर रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई। वह अस्पताल में स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की मेडिकल छात्रा थी और हाउस स्टाफ के रूप में भी काम कर रही थी। अस्पताल के कर्मचारियों ने दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल की आपातकालीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर उनका शव देखा था। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो आरोपियों को फांसी की सजा दी जाएगी। आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस मामले में विरोध-प्रदर्शन कर रहे लोगों को अगर राज्य सरकार पर भरोसा नहीं है, तो वे किसी अन्य जांच एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं।

### राजधानी में रोजाना हो रही दुष्कर्म की पांच घटनाएं, बीते एक महीने के आंकड़े चौंकाने वाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में हर रोज दुष्कर्म की करीब पांच वारदातें होती हैं। साथ ही हर रोज 115 वाहन चोरी होते हैं। इसके अलावा झपटमारी की हर रोज करीब चार घटनाएं होती हैं। राष्ट्रीय राजधानी में हर रोज दुष्कर्म की करीब पांच वारदातें होती हैं। साथ ही हर रोज 115 वाहन चोरी होते हैं। इसके अलावा झपटमारी की हर रोज करीब चार घटनाएं होती हैं। अपराध का ये डाटा एक जुलाई से लागू किए गए नए कानूनों के बाद पहले महीने यानि जुलाई का है। देखने में ये आया है कि अब किसी भी तरह की वारदात हो खासकर झपटमारी व लूट की वारदातें करने वालों के खिलाफ पुलिस संगठित होकर अपराध करना यानि बीएनएस की धारा 111 लगा रही हैं। इस धारा में झपटमारी करने वाले को चार साल से ज्यादा की सजा होती है। दिल्ली पुलिस मुख्यालय से मिले जुलाई महीने के आंकड़ों के अनुसार गंभीर अपराध की श्रेणी में एक जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक सबसे ज्यादा दुष्कर्म की वारदातें हुई हैं। जुलाई महीने में दुष्कर्म की कुल 149 वारदातें हुई हैं। दूसरा नंबर रॉबरी की वारदातों का है। जुलाई महीने में कुल रॉबरी की 104 वारदात हुई हैं। अजघन्य (छोटे-छोटे अपराध) वारदातों में सबसे ज्यादा अन्य चोरी की 9829 वारदातें हुई है। इसके बाद वाहन चोरी की 3589 वारदातें हुई हैं। यानि दिल्ली से हर रोज 115 वाहन चोरी होते हैं। लूटपाट की हर रोज 15 और झपटमारी की करीब चार वारदातों होती हैं। एक जुलाई से नए कानून लागू होने के दिल्ली पुलिस संगठित होकर अपराध करने की धारा 11 (आईपीसी में मकोका) लगाई जा रही है। पुलिस जहां भी वारदात में दो व उससे ज्यादा आरोपी होने पर और उनके खिलाफ पहले से केस दर्ज है तो उनपर संगठित होकर अपराध करने की धारा लगाई जा रही है। इस में चार वर्ष तक की सजा व जुर्माने का प्रावधान है। इससे में बदमाशों के बीच खौफ पैदा होने लगा है।

### 10 नकाबपोश बदमाशों ने घर पर बोला धावा, खूब चले लाठी-डंडे, महिला समेत छह घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर में 10 नकाबपोश बदमाशों ने परिवार पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। न्यू अशोक नगर में रविवार तड़के नकाबपोश दस बदमाशों ने एक परिवार पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में छह लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। पीड़िता काजल ने चाचा के परिवार पर हमला करवाने का आरोप लगाया है। जांच में संपति विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस ने घर में घुसकर हमला और मारपीट का मामला दर्ज किया है। घायलों की पहचान काजल, पिता विमल अग्रवाल, मां सुनीता, भाई अभिषेक, 17 साल की बहन व 11 साल के भाई के रूप में हुई है। विमल निजी कंपनी में काम करते हैं। अभिषेक ने बताया कि चाचा रामविलास से परिवार का संपति विवाद चल रहा है।

# लौटेगी 400 साल पुराने बारापूला ब्रिज की रौनक, 3 महीने में ASI करेगा ब्रिज का रेनोवेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में 400 साल पुराना ऐतिहासिक बारापूला ब्रिज जल्द ही अपने वास्तविक रूप में नजर आएगा। ब्रिज के रेनोवेशन का जिम्मा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को सौंपा गया है। तीन महीने में रेस्टोरेशन का काम पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद यह ब्रिज काफी खूबसूरत नजर आने लगेगा। इस पर सुंदर लाइटिंग भी की जाएगी।

**एलजी वीके सक्सेना ने किया था दौरा** : पिछले हफ्ते एलजी वी.के. सक्सेना ने इस ब्रिज का दौरा किया था। तब इसके आस-पास भारी एनक्रोचमेंट था। एलजी के आदेश के बाद संबंधित सिविक एजेंसियों ने हफ्ते भर के अंदर सारे एनक्रोचमेंट को हटाकर ब्रिज के आस-पास की जगह खाली करा ली। इस काम में स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिला। रविवार को एलजी एक बार फिर यहां दौरा करने पहुंचे और इस बार उन्हें हालात काफी बदले हुए नजर आए। एलजी की मौजूदगी में ही सिविक एजेंसियों ने ब्रिज को एएसआई को हैंडओवर किया। इस अवसर पर दिल्ली के चीफ सेक्रेट्री और एएसआई के डायरेक्टर जनरल भी मौजूद रहे। अब एएसआई इस ब्रिज के रेस्टोरेशन और रेनोवेशन का काम शुरू करेगा, जिसके बाद 200 मीटर लंबे इस ब्रिज को एक बार फिर उसके भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप में देखा जा सकेगा।



**एलजी के आदेश के बाद अतिक्रमण हटा** : 11 अगस्त से पहले एलजी ने 4 अगस्त को भी यहां का दौरा किया था। तब उन्हें ब्रिज का पूरा स्ट्रक्चर बेहद खस्ताहाल में नजर आया। आस-पास की झुग्गी बस्तियों के लोग इसका इस्तेमाल कूड़ा-कचरा फेंकने के लिए कर रहे थे, जिसके चलते इसके आस-पास भारी गंदगी भी जमा हो गई थी। एलजी के आदेश के बाद न केवल यहां से अतिक्रमण हटाया गया, बल्कि कचरा, मलबा और गाद आदि हटाकर गंदगी को भी अब पूरी तरह साफ कर दिया गया है। एएसआई के डायरेक्टर जनरल ने एलजी को आश्वासन दिया है कि तीन महीने के अंदर ब्रिज के रेस्टोरेशन का काम पूरा कर लिया जाएगा। एलजी ने एएसआई से कहा है कि वह ब्रिज के स्ट्रक्चर के वास्तविक स्वरूप को बनाए रखते हुए इसकी मरम्मत कराएं और काम पूरा होने के बाद इस पर प्रॉपर तरीके से सुंदर लाइटिंग भी करें। एलजी ने हफ्ते भर के अंदर संयुक्त रूप से प्रयास करके ब्रिज के आस-पास से एनक्रोचमेंट हटाने और उसके नीचे नाले में जमा गंदगी को साफ करने के लिए एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, रेलवेज, एएसआई और सिंचाई विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया। इसलिए बेहद खास है बारापूला ब्रिज इस पुल को लगभग 400 साल पहले मुगल बादशाह जहांगीर के संरक्षण में मीनार बानू आगा ने बनवाया था। इसके 12 खंभों और 11 मेहराबों के कारण इसे 'बारापूला' नाम दिया गया। इतिहासकारों के अनुसार, यह पुल 1628 में बनाया गया था। पुल और इसके पास बने हुमायूं के मकबरे के बीच एक रास्ता बना हुआ था, जिसके दोनों तरफ पेड़ लगे हुए थे। इसे दिल्ली के सबसे खूबसूरत पुलों में से एक माना जाता था। ऐसा माना जाता है कि मुगलों ने तत्कालीन राजधानी आगरा से निजामुद्दीन दरगाह और हुमायूं के मकबरे तक पहुंचने के लिए रास्ते में यमुना नदी को पार करने के लिए इसी पुल का उपयोग किया था। यह मुगलकालीन आर्किटेक्चर का एक नायाब नमूना माना जाता है।

## दिल्ली के मोतीबाग में मंदिर के नजदीक बनीं झुग्गियां तोड़कर लोगों को भगाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण पश्चिमी जिले के उत्तर पश्चिमी मोतीबाग फेज-एक इलाके में शनिवार को खाली पड़ी जमीन पर झुग्गियां बनाकर रह रहे लोगों को झुग्गियां तोड़कर भगाने का मामला सामने आया है। मामले की एक वीडियो भी रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। झुग्गियां तोड़ने की घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में पता चला कि ये सभी झुग्गीवासी सीपीडब्ल्यूडी के अधीन काम करने वाले कर्मचारी हैं। सीपीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा सभी झुग्गीवासियों को उस जमीन से 800 मीटर दूर बेगम जैदी स्थित भरत नगर के पास वैकल्पिक जगह दे दी गई है।

मामले से संबंधित वायरल वीडियो को पोस्ट कर लोगों ने लिखा - दिल्ली में हिंदू सगठनों ने मंदिर के पास बनी झुग्गी-झोपड़ियां तोड़ डाली। उनका सामान बाहर फेंक दिया। कल गाजियाबाद (यूपी) में भी बांग्लादेशी बताकर एक समुदाय के परिवारों को पीटा गया और उनके सामान में आग लगा दी गई थी। - हालांकि पुलिस उपायुक्त रोहित मीना का कहना है कि झुग्गी में सभी समुदाय के लोग रह रहे थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार, उक्त मामले से संबंधित जगह को लेकर मंदिर प्रशासन, आरडब्ल्यूए और सीपीडब्ल्यूडी के बीच विवाद है। शनिवार दोपहर 2: 45 बजे साउथ कैंपस थाने में दयाराम नामक व्यक्ति ने कॉल कर बताया कि वह मूलरूप से राजस्थान के दौसा के रहने वाले हैं। यहां झुग्गियों में रहकर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें धमकी दी है कि इन झुग्गियों में रहने वाले लोगों को जल्द ही झुग्गियां खाली करनी होंगी। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में पता चला कि इन झुग्गियों में रहने वाले लोग सीपीडब्ल्यूडी में काम करने वाले श्रमिक हैं। ये लोग सीपीडब्ल्यूडी के फ्लैटों के मरम्मत व अन्य निर्माण कार्यों में काम करने वाले लोग हैं।

## भारत की बुराई सुन भड़का कैब ड्राइवर, दिल्ली में आधी रात को पाकिस्तानी को कार से उतारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक कैब चालक द्वारा पाकिस्तानी नागरिक और उसकी गर्लफ्रेंड को देर रात करीब साढ़े 12 बजे कार से बीच सड़क पर उतारने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में कार में बैठे पाकिस्तानी मूल के शख्स और उसकी गर्लफ्रेंड के साथ कैब ड्राइवर के बीच कुछ देर नोंकझोंक होती है। इसके बाद स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि कैब ड्राइवर उन दोनों को बीच सड़क पर ही उतार देता है। हालांकि, यह वीडियो राजधानी के किस इलाके का है, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। कई सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा एक्स पर पोस्ट किए एक मिनट 17 सेकंड के इस वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कैब ड्राइवर ने दिल्ली और भारतीय को भला-बुरा कहने का पहले तो विरोध किया, लेकिन जब कार में बैठे पाकिस्तानी शख्स इस पर उससे बहस करने लगे कि उन्होंने भारत और भारतीयों को कोई गाली नहीं दी है। वे बस भारतीयों और दिल्ली वालों को मतलबपरस्त कह रहे थे। इस पर मामला और बिगड़ गया और ड्राइवर ने उनसे ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर पहले तो उन्हें समझाने की कोशिश की। जब उन्होंने उसकी बात नहीं मानी तो वह इस कदर भड़क गया कि उसने आधी रात को ही उन दोनों को बीच सड़क पर कार से नीचे उतार दिया।

# मूसलाधार बारिश से छुट्टी के दिन दिल्ली-एनसीआर रहा जाम, राजधानी में 50 से अधिक मार्गों पर रेंगते रहे वाहन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार को मूसलाधार बारिश हुई। छुट्टी का दिन होने के बावजूद जगह-जगह जलभराव से भीषण जाम में वाहन घंटों रेंगते रहे। दिल्ली में 50 से अधिक स्थानों पर जाम की शिकायतें मिलीं। वहीं नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में भी कई मार्गों पर जाम लगा रहा। दिल्ली में नजफगढ़ के फिरनी रोड पर ढांसा बस स्टैंड एवं बहादुरगढ़ बस स्टैंड के पास जलजमाव के बीच क्लस्टर बस खराब हो गई। इससे वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। सुबह के समय ही रोहतक रोड पर नागलोई से टिकरी बॉर्डर के बीच जलजमाव हुआ। वहीं शाम को हुई बारिश के कारण कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन के पास अनुव्रत मार्ग पर दोनों तरफ जलजमाव हो गया। बाहरी रिंग रोड पर चिराग दिल्ली से नेहरू प्लेस जाने की दिशा में सावित्री फ्लाईओवर के नीचे पानी भर गया। इसके अलावा महरौली-बदरपुर रोड पर खानपुर से हमदर्द चौक की तरफ जाते समय जलभराव हो गया। इन जगहों से वाहनों को निकलने में दिक्कत हुई।

इधर, मूलचंद से खानपुर जाने की दिशा में डीटीसी बस खराब हो गई। महरौली-बदरपुर रोड पर हमदर्द चौक से खानपुरी जाने की दिशा में देवली के पास एक बस खराब हो गई। नीट परीक्षार्थी भी परेशान = सरिता विहार में नीट परीक्षा की वजह से सड़कों पर भारी जाम लग गया। सैकड़ों छात्र जाम के कारण पैदल जाते दिखे। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस को पीतमपुरा, नागलोई से मुंडका, गुरुग्राम से दिल्ली, सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन, लोनी गोल चक्कर, चेम्सफोर्ड रोड, मोती बाग से भी जाम की शिकायतें मिलीं।



**गुरुग्राम में भारी बारिश:** गुरुग्राम में रविवार को औसत 110 मिमी बारिश हुई। इससे सड़कों पर ढाई फीट तक जलजमाव हो गया। हीरो होंडा चौक के पास पानी भरने से बिलासपुर, रेवाड़ी व जयपुर से आ रहे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह 11 बजे से दोपहर के तीन बजे तक खेड़की दौला टोल प्लाजा से लेकर राजीव चौक तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

**फरीदाबाद में भी जलभराव से परेशानी:** स्मार्ट सिटी में बारिश के कारण दिल्ली-आगरा जेसीबी, अजरौंदा, मेवला महराजपुर आदि स्थानों पर जाम का सामना करना पड़ा।

**नोएडा में भी जाम:** नोएडा में चिल्ला बॉर्डर से महामाया फ्लाईओवर तक दोनों तरफ वाहनों की लाइन लगी रही। महामाया फ्लाईओवर के नीचे, दलित प्रेरणा स्थल के सामने और डीएनडी लूप पर भी पानी भरने से वाहनों की रफ्तार धीमी रही। ऐसे ही हालात कालिंदी कुंज पर नोएडा की तरफ से जाने और डीएनडी पर दिल्ली की तरफ आने वाले रास्ते पर रहे। इन जगह तीन से चार किमी तक लंबा जाम लग गया।

## दिल्ली-रेवाड़ी नए ट्रैक पर 130 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें, नवीनीकरण का काम पूरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली रेल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने दिल्ली कैंट-रेवाड़ी खंड पर पूर्ण ट्रैक नवीनीकरण (सीटीआर) परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अब नवनिर्मित ट्रैक पर 110 किलोमीटर प्रतिघंटे की जगह 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें दौडेंगी। मिशन रफ्तार के तहत पटरियों का तेजी से नवीनीकरण किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लगातार उठ रहे सवालों को ध्यान में रखते हुए पटरियों के साथ हो रही छेड़छाड़ और जंग पर लगाम लगाने के लिए भी नई तकनीक पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली रेल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने दिल्ली कैंट-रेवाड़ी खंड पर पूर्ण ट्रैक नवीनीकरण (सीटीआर) परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अब नवनिर्मित ट्रैक पर 110 किलोमीटर प्रतिघंटे की जगह 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें दौडेंगी। इसके अलावा दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए पटरियां जहां जुड़ती हैं, वहां अब चूड़ीदार रिंग की जगह विश्वस्तरीय पेच का इस्तेमाल किया जा रहा है। आम लोग इसे खोल नहीं सकेंगे और ट्रेन हादसों में कमी आएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, उत्तर रेलवे के इतिहास में पहली बार ट्रैक नवीनीकरण ट्रेन (टीआरटी) मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में सीटीआर-130 किलोमीटर के कार्य के रूप में रेलवे बोर्ड से अनुमति मिली थी। नवीनीकरण के दौरान ट्रेनों के संचालन में कम से कम बाधा पड़े इसे ध्यान में रखकर सीटीआर कार्य को रात के दौरान ट्रैफिक ब्लॉक लेकर पूरा किया गया। इसमें अप और डाउन दोनों लाइनें शामिल थीं। उच्च मानकों को खासतौर पर इस महत्वकांक्षी योजना में ध्यान दिया गया है।



**दो पटरियों में गैप पाटने के लिए नई तकनीक** : पहले पटरियों को स्लीपर के साथ कसने के लिए चूड़ीदार रिंग का इस्तेमाल होता था। इसमें जंग लगने और पटरियों से छेड़छाड़ की आशंका रहती थी। अब इसकी जगह विश्वस्तरीय पेच का इस्तेमाल किया जा रहा है। पेच को टॉर्क रेंच से कसा जाता है जिसे आम लोगों का खोल पाना संभव नहीं है। पेच की लाइफ 100 साल तक होगी। चूड़ीदार रिंग को हर पांच साल में बदलना पड़ता था और ट्रैक निरीक्षक को हथौड़े से इसे कसना पड़ता था।

## केदारनाथ में एयर फोर्स ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया पूरा, 200 से अधिक लोगों की बचाई जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन एयर फोर्स द्वारा केदारनाथ में चलाया जा रहा बचाव अभियान रविवार को पूरा हो गया। उत्तराखंड स्थित केदारनाथ के समीप बादल फटने से विनाशकारी भूस्खलन हुआ था। पहाड़ी क्षेत्र में हुए इस भूस्खलन के कारण यहां आए श्रद्धालु फंस गए थे। करीब 10 दिन तक भारतीय वायु सेना ने यहां एक बड़ा बचाव अभियान चलाया, इसके तहत 200 से अधिक व्यक्तियों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाला गया। फिलहाल, ऑपरेशन समाप्त होने के बावजूद एयर फोर्स ने अपने एक हेलीकॉप्टर को अभी भी स्टैंडबाय पर रखा है।

वायु सेना के मुताबिक गौरीकुंड से 218 व्यक्तियों को बचाया गया, यहां बादल फटने से विनाशकारी भूस्खलन हुआ था, इससे तीर्थयात्री फंस गए थे। दस दिवसीय ऑपरेशन में इंडियन एयर फोर्स के एमआई-17 वी5 और चिनूक हेलीकॉप्टरों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हुए, बूढ़े, घायलों और बीमार लोगों को निकाला। इसके अलावा यहां फंसे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए वायु सेना ने 6 टन से अधिक राहत सामग्री हवाई मार्ग से पहुंचाई। एयरफोर्स के मुताबिक अभी भी यहां एक चिनूक स्टैंडबाय पर है, जबकि एमआई-17 वी5 को हटा दिया गया है। रविवार को इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया गया कि भारतीय वायु सेना ने उत्तराखंड के केदारनाथ में कई दिन तक चला अपना बचाव अभियान पूरा कर लिया है। यह क्षेत्र हाल ही में भूस्खलन प्रभावित हुआ था। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र से अंतिम जीवित बचे व्यक्ति को निकालने के बाद केदारनाथ घाटी में रविवार को भारतीय वायु सेना द्वारा बचाव अभियान समाप्त कर दिया। वहीं, भारतीय वायु सेना द्वारा देश में एक विशेष अभ्यास तरंग शक्ति भी आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास का पहला चरण तमिलनाडु के सुलूर में जारी है। रविवार को भारतीय वायु सेना ने विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ अभ्यास जारी रखा। भारत में यह पहला बहुराष्ट्रीय अभ्यास है। इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास का पहला चरण तमिलनाडु के सुलूर में 14 अगस्त तक चलना है। फिलहाल, इसमें भारतीय वायु सेना के अलावा जर्मनी, फ्रांस, यूके, स्पेन की वायु सेनाएं भी शामिल हुई हैं।



# दिल्ली में विधानसभा चुनाव पहले होने के आसार, चुनाव आयोग के इस आदेश के बाद तैयारी शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव कराने में एमसीडी की हर मामले में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस कारण मुख्य निर्वाचन कार्यालय दिल्ली ने एमसीडी को विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है।

राजधानी में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। दरअसल मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने विधानसभा चुनाव के लिए एमसीडी को नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा एमसीडी को अपने कर्मचारियों को चुनाव संबंधी ट्रेनिंग देने का भी निर्देश दिया है। उधर, एमसीडी ने मुख्य निर्वाचन कार्यालय के आदेश के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कवायद के पीछे माना जा रहा है कि दिल्ली में भी इस वर्ष के अंत में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ चुनाव कराए जा सकते हैं। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल अगले की शुरूआत में खत्म होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव कराने में एमसीडी की हर मामले में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस कारण मुख्य निर्वाचन कार्यालय दिल्ली ने एमसीडी को विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। एमसीडी के अनुसार, मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने उसको चुनाव संबंधी विभिन्न कार्यों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और कर्मचारियों को चुनाव कार्य के संबंध ट्रेनिंग देने का भी फरमान दिया है।



इस कड़ी में उसने कार्य करना शुरू कर दिया है। उसने नोडल अधिकारी नियुक्त करने के साथ-साथ कर्मचारियों को ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी है। उधर, मुख्य निर्वाचन कार्यालय के आदेश को लेकर एमसीडी में विधानसभा चुनाव के समय को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। दरअसल दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल अगले वर्ष फरवरी में खत्म होगा। इस कारण चुनाव होने में अभी छह माह बचे हैं। अभी तक किसी भी चुनाव की तैयारी छह-सात माह पहले नहीं हुई है। इस तरह माना जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव पहले हो सकते हैं। इस साल के अंत में महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड व जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं। लिहाजा दिल्ली में भी विधानसभा के चुनाव इन राज्यों के साथ हो सकते हैं। अगले वर्ष फरवरी माह में दिल्ली विधानसभा के अलावा अन्य किसी राज्य के विधानसभा चुनाव होने तय नहीं है।

## थॉमस बाक के आईओसी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद सेबेस्टियन कोए दावेदारी पर कर रहे विचार



**पेरिस, एजेंसी।** विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने घोषणा की है कि थॉमस बाक के तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव न लड़ने के फैसले के बाद वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। थॉमस बाक 2013 से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को पुष्टि की कि वह अपना कार्यकाल समाप्त होने पर पद छोड़ देंगे, इससे नए नेतृत्व के लिए द्वार खुलेंगे। सेबेस्टियन कोए का विश्व एथलेटिक्स प्रमुख के रूप में कार्यकाल 2027 में समाप्त हो रहा है, इनको लंबे समय से बाक का संभावित उत्तराधिकारी माना जाता रहा है। ब्रिटिश खेल प्रशासक, 1500 मीटर में दो बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और लंदन 2012 ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन के पीछे के मास्टरमाइंड रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए सेबेस्टियन कोए ने कहा कि ÷मैंने हमेशा यह स्पष्ट किया है कि यदि अवसर आया, तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा। अवसर आया है, और मुझे इसके बारे में सोचने की आवश्यकता है। बेशक, मैं इस पर विचार करने जा रहा हूं।

## मिस्र की नजर 2036 और 2040 के लिए ओलंपिक मेजबानी पर



**पेरिस, एजेंसी।** मिस्र ने 2036 और 2040 के समर ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अपनी बोली लगाने की घोषणा की है। अभी तक, अफ्रीका में ओलंपिक खेल कभी नहीं हुए हैं। पेरिस ओलंपिक के अंतिम दिन, अफ्रीकी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के संघ के प्रमुख मुस्तफा बेराफ ने यह घोषणा की।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, बेराफ ने कहा, मिस्र 2036 और 2040 के लिए बोली लगाएगा। अफ्रीका के पास खेलों को आयोजित करने का मौका है। सबसे अधिक संभावना है कि 2040 में खेलों का आयोजन यहीं होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ओलंपिक की मेजबानी करने का अफ्रीका का समय आ रहा है। अरब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश, मिस्र, अपने बुनियादी ढांचे और खेल सुविधाओं में लगातार सुधार कर रहा है, जो इसे ओलंपिक के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर रहा है। देश ने राष्ट्र के आधुनिकीकरण की अपनी व्यापक योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं, स्टेडियमों और खेल परिसरों के निर्माण में अरबों डॉलर का निवेश किया है।

काहिरा में मिस्र अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक शहर परिसर भी बनाया गया है, जिसमें 93,900 क्षमता वाला राष्ट्रीय स्टेडियम और 21 अन्य अत्याधुनिक खेल सुविधाएं शामिल होंगी। ओलंपिक की मेजबानी के लिए मिस्र की आखिरी बोली 2008 के खेलों के लिए थी। मिस्र के अलावा, बेराफ ने संकेत दिया कि केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका से एक और अफ्रीकी बोली लगाई जा सकती है।

2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है। इंडोनेशिया, भारत, तुर्की, कतर और सऊदी अरब सहित कई अन्य देश पहले से ही ओलंपिक की मेजबानी में रुचि व्यक्त कर रहे हैं।



# 33वें ओलंपिक का समापन

### मनु-श्रीजेश ने थामा तिरंगा, टॉम क्रूज-बिलि एलिश ने समा बांधा

**पेरिस, एजेंसी।** 33वें ओलंपिक में अमेरिका और चीन ने बाजी मारी। दोनों के स्वर्ण पदकों की संख्या 40-40 ही रही, लेकिन रजत और कांस्य में अमेरिका चीन से आगे निकल गया और अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। चीन दूसरे नंबर पर रहा। पेरिस ओलंपिक में कुल 10,500 एथलीट्स चुनौती पेश करने उतरे थे। भारत के 117 खिलाड़ियों ने इस वैश्विक टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और दमखम दिखाया। भारत मेडल्स टैली में 71वें स्थान पर रहा। पेरिस में 33वें ओलंपिक का समापन हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष थॉमस बाक ने लॉस एंजिलिस के मेयर को ओलंपिक ध्वज सौंप कर इसका अंत किया। अंत में लियोन मैरचेंड समेत कुछ चुनिंदा एथलीट्स समेत बाक ने ओलंपिक मशाल को बुझाकर इसका आधिकारिक तौर पर अंत कर दिया। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी मौजूद रहे। तीन घंटे चले समारोह की शुरुआत एक फ्रेंच गीत से हुई थी। स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम में परेड ऑफ नेशंस के बाद बेल्जियम की पॉप सिंगर एंजेले वान वीक ने परफॉर्म किया। फिर ऑस्ट्रेलिया के गोल्डन वॉयजर बैंड ने ओलिंपिक की खोज दिखाई। इसे थॉमस जॉली ने डायरेक्ट किया था। गोल्डन वॉयजर के बाद फ्रांस के बैंड फिनिक्स की परफॉर्मेंस में एंजेले, कमिस्की और रैपर वनाडा ने परफॉर्म किया। इसके बाद पांच ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाली गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन ने अमेरिका का नेशनल एंथम गाया। स्टेड डी फ्रांस से टॉम क्रूज ने स्टंट दिखाते हुए ओलंपिक ध्वज को लॉस एंजिलिस ले गए। वहां, पॉप गायिका बिलि एलिश, रैपर स्नूप डॉग और डॉक्टर ड्रे ने परफॉर्म किया। फिर मशाल बुझाकर इसका अंत किया गया। पेरिस ओलंपिक में अमेरिका 40 स्वर्ण समेत 126 पदक जीत कर पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

## श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका, बेन स्टोक्स चोटिल, बैसाखी की लेनी पड़ी मदद



**लंदन, एजेंसी।** द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेल रहे बेन स्टोक्स को मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ चेज के दौरान चोटिल होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह दोनों तरफ से लोगों के सहारे से मैदान से बाहर गए। उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में दिक्कत हुई। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को द हंड्रेड के मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। इससे इंग्लैंड की टीम की चोट की चिंताएं बढ़ गई हैं। श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट 10 दिनों से भी कम समय में शुरू होने वाला है। स्टोक्स की उपलब्धता पर संशय है। अब उन्हें स्कैन से गुजरना होगा। नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेल रहे बेन स्टोक्स को मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ चेज के दौरान चोटिल होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह दोनों तरफ से लोगों के सहारे से मैदान से बाहर गए। उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में दिक्कत हुई। मैच के बाद बैसाखी की मदद से घूमते हुए देखा गया। नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के कप्तान हैरी ब्रूक ने बाद में पुष्टि की कि चोट गंभीर हो सकती है।

### कैसे हुए चोटिल

स्टोक्स ने सुपरचार्जर्स के चेज के दौरान एक तेज सिंगल के प्रयास में चोटिल हो गए। उन्हें उनके मेडिकल स्टाफ ने मैदान से बाहर जाने में मदद की। उन्हें अपने बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग को पकड़ते हुए देखा गया। वह नॉन-स्ट्राइकर छोर पर थे,जब उनके सुपरचार्जर्स टीम के साथी ओली रॉबिन्सन ने स्कूप करने का प्रयास किया। उन्होंने लेग साइड में शॉट मिसटाइम किया और सिंगल के लिए भागे। इस बीच स्टोक्स की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। फिर वह ज़मीन पर गिर पड़े और गुस्से में अपने दस्ताने फेंक दिए।

### इंग्लैंड की चिंता बढ़ी

इससे पहले स्टोक्स अपने बाएं पैर के घुटने की चोट से जूझ रहे थे। ऐसे में बाईं हैमस्ट्रिंग में परेशानी इंग्लैंड चिंता बढ़ा देने वाली बात है। अगर उनकी टीम आगे बढ़ती तो द हंड्रेड में उनकी वापसी चार मैच से अधिक तक चलती,लेकिन रविवार शाम की लगी चोट ने इसे छोटा कर दिया।

इंग्लैंड को पहले से ही श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ओपनर जैक क्रॉली की सेवाएं नहीं मिलेंगी। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच 21 दिनों के अंतराल में तीन मैच खेले जाएंगे।




## अफगानिस्तान-श्रीलंका सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

### 5 स्पिनरों को मिली जगह

**आकलैंड, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने एक टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में पांच स्पिनरों को जगह दी है। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भारत में ग्रेटर नोएडा में नौ से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। वहीं श्रीलंका में दो टेस्ट 18 और 26 सितंबर से शुरू होंगे।

अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी कप्तान होंगे जबकि टीम में केन विलियमसन, डेवोन कोंवे, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ी भी हैं। कोच गैरी स्टीड ने कहा, 'उपमहाद्वीप के टेस्ट दौरे के लिए कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। उमस और गर्मी के अलावा पिचों को देखते हुए तेज गेंदबाजों को बाहर रहना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'टिम और मैने इस पर बात की है और तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए भी यह जरूरी है जिसमें टिम भी शामिल है।

स्पिन हरफनमौला मिचेल ब्रासवेल चोट के बाद 18 महीने बाद वापसी कर रहे हैं। उनके साथ मिचेल सेंटनेर, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स और रविंद्र स्पिन का जिम्मा संभालेंगे।

**टीमः** टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, मिचेल ब्रासवेल , डेवोन कोंवे, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिचेल, विल ओ रूरकी, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, बेन सीयर्स, केन विलियमसन, विल यंग।

# विराट कोहली और रोहित शर्मा खेलेंगे दलीप ट्रॉफी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को दलीप ट्रॉफी में खेलते देखा जा सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ) की सीनियर चयन समिति दलीप ट्रॉफी के लिए टीम चुनेगी। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के मद्देनजर सीनियर चयन समिति चाहती है कि सभी खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहें। 5 सितंबर से शुरू होने वाले इस सीजन में नए प्रारूप में खेली जाएगी।

पता चला है कि शुभमन गिल, केएल राहुल, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव को दलीप ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया है। हालांकि, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें लंबे समय तक आराम दिया गया है। चयनकर्ता बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में उनके चयन पर भी चर्चा करने वाले हैं।

अगले 4 महीने में 10 टेस्ट

भारत को अगले चार महीनों में ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट मैचों कड़ी सीरीज सहित 10 टेस्ट मैच खेलने है। बांग्लादेश सीरीज के लिए पिचों के स्पिनरों के अनुकूल होने की उम्मीद है। मोहम्मद शमी की वापसी की संभावना है। ऐसे में बुमराह को सीरीज के लिए आराम दिया जा सकता है। दलीप ट्रॉफी पहले की तरह जोनल फॉर्मेट में आयोजित नहीं होगा। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन पैनल चार टीमों इंडिया ए, इंडिया बी, इंडिया सी और इंडिया डी का चयन करेगा, जो टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।




### बेंगलुरु में हो सकता है एक राउंड

दलीप ट्रॉफी आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में खेली जानी है। चूंकि यह वेन्यू एयर ट्रांसपोर्ट से जुड़ा नहीं है और स्टार खिलाड़ियों के आने पर सहमत होने के कारण बीसीसीआई अब बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक राउंड रखने की योजना बना रहा है।

दलीप ट्रॉफी के छह मैच 5 सितंबर से शुरू होंगे और 24 सितंबर को समाप्त होंगे। भारत बनाम बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

### रोहित और कोहली कौन सा मैच खेलेंगे

यह स्पष्ट नहीं है कि रोहित और कोहली 5 सितंबर को दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे या 12 सितंबर से शुरू होने वाले दूसरे दौर में। जानकारी के अनुसार बीसीसीआई टेस्ट सीरीज से पहले चेन्नई में एक छोटे शिविर की योजना भी बना रहा है। अगर ऐसा होता है तो ये सितारे दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेंगे।

### भारतीय टीम के खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहना होगा

कुछ महीने पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि रोहित, कोहली और बुमराह जैसे शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों को छोड़कर भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट के लिए खुद को उपलब्ध कराना होगा। सूर्यकुमार और सरफराज खान जैसे खिलाड़ी 15 अगस्त से तमिलनाडु में खेले जाने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।



## पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए शाकिब की बांग्लादेश टीम में वापसी

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की बांग्लादेश टेस्ट क्रिकेट टीम में वापसी हो गई है। पाकिस्तान के खिलाफ 21 अगस्त से रावलपिंडी में शुरू होने वाली आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। शाकिब ने आखिरी बार बांग्लादेश के लिए मई में टेस्ट क्रिकेट खेला था। तब बांग्लादेश ने दो मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी की थी।

तब से शाकिब टी20 विश्व कप से लेकर यूएसए में मेजर लीग क्रिकेट और ग्लोबल टी20 कनाडा लीग तक, केवल टी20 क्रिकेट ही खेल रहे हैं। शाकिब के अलावा, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम और तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद की भी टेस्ट टीम में वापसी हुई है। तस्कीन 30 अगस्त से शुरू होने वाला केवल दूसरा टेस्ट खेलेंगे। नेशनल सिलेक्शन पैनल के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने कहा, ÷हमने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए पांच तेज गेंदबाजों का चयन किया है कि तस्कीन अहमद केवल दूसरा टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल जून से टेस्ट में गेंदबाजी नहीं की है। इस कारण हमने उनके पाकिस्तान ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के लिए ए टीम में शामिल करने का फैसला किया है।

इससे उनको लाल गेंद क्रिकेट में लय हासिल करने में आसानी होगी।

## रुब्लेव ने बारिश से प्रभावित मैच में अर्नाल्डी को हराकर मॉन्ट्रियल फाइनल में प्रवेश किया



**मॉन्ट्रियल, एजेंसी ।** दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी आंद्रेई रुब्लेव ने बारिश से प्रभावित मैच में इटली के माटेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-2 से हराकर मॉन्ट्रियल में एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में प्रवेश किया। रविवार की रात 6-4, 1-1 के मैच में एक घंटे, 40 मिनट के निलंबन के बाद, रुब्लेव ने कोर्ट पर लौटने के बाद अपनी इच्छानुसार विनर्स लगाए और मैच के अंतिम छह गेम में से पांच जीतकर अपने छठे एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुँच गए। रुब्लेव ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 जानिक सिनर को हराया था। पूर्व विश्व नंबर 5 ने इस सीज़न में मास्टर्स 1000 स्तर पर उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन किया है। मैड्रिड खिताब जीतने से पहले उन्होंने इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे-कार्लो में सिर्फ एक मैच जीता, लेकिन फिर रोम में अपना दूसरा मैच हार गए।

रुब्लेव ने मैच के बाद कहा,इंतजार सार्थक रहा। मैं अपने पहले कनाडाई फाइनल में पहुंचकर खुश हूं। मैं बस ठीक होना चाहता हूं, अच्छा आराम करना चाहता हूं और कल के लिए तैयार रहना चाहता हूं। (ओलंपिक में न जाने का) विचार कनाडा टूर्नामेंट के लिए और अधिक तैयार होने का था , इसलिए यदि मैं फाइनल में हूं, तो इसका मतलब है कि हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। रुब्लेव फाइनल में एलेक्सी पोपिरिन से खेलेंगे। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने सेबस्टियन कोर्डा की आठ मैचों की जीत की लय को तोड़कर अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में प्रवेश करने के लिए एक निकट आपदा को अप्रत्याशित जीत में बदल दिया।

### चीफ पीटी उषा का बड़ा बयान, बोलीं-

## वजन का मैनेजमेंट करना खिलाड़ी और कोच की जिम्मेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने रविवार को एक ऐसा बयान दिया है, जो बेहद चर्चा में है. इस पूरे बयान के दौरान पेरिस ओलपिक में 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में डिसक्वालिफाई की गई विनेश का नाम नहीं लिया. लेकिन माना जा रहा है कि उन्होंने इशारों-इशारों में विनेश को नसीहत जरूर दे दी है.

पूर्व ओलंनियन और अब चीफ डॉ. पीटी उषा ने कहा- वजन का मैनेजमेंट करना खिलाड़ी और कोच की जिम्मेदारी है. खासकर कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में. इन खेलों में एथलीटों के वजन मैनेजमेंट की जिम्मेदारी प्रत्येक एथलीट और उसके कोच की है, ना कि नियुक्त चीफ मेडिकन ऑफिसर डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम की. कुछ महीने पहले एक मेडिकल टीम नियुक्त की थी,



जो मुख्य रूप से एथलीटों के इवेंट दौरान और बाद में उनकी रिकवरी और इंजरी मैनेजमेंट में सहायता करेगी. इस टीम को उन एथलीटों की सहायता के लिए भी बनाया गया था जिनके पास न्यूट्रिशनिस्ट और फिजियोथेरेपिस्टों की अपनी टीम नहीं थी.

### डॉ पारदीवाला का किया बचाव

डॉ.उषा ने कहा कि ब्व्ह की मेडिकल टीम खासकर डॉ. पारदीवाला के प्रति नफरत अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए. उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्व्ह मेडिकल टीम पर आरोप लगाने वाले लोग किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों पर विचार करेंगे. यह बयान भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद आया है, क्योंकि उन्होंने खिताबी मुकाबले से पहले निर्धारित वजन सीमा का उल्लंघन किया था.

# कलेक्टर के निर्देश पर विक्रेता एवं शाखा प्रबंधक को खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पर नोटिस जारी

## पन्ना शहर के वार्ड क्र. 02 व 04 एवं संलग्न वार्ड क्र. 03 के दुकान की जांच में मिली थी अनियमितता

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जवाहर सहकारी विपणन समिति मर्यादित देवेन्द्रनगर शाखा पन्ना अंतर्गत पन्ना शहर के वार्ड क्रमांक 02 एवं 04 में संचालित एवं वार्ड क्रमांक 03 की संलग्न उचित मूल्य दुकान के तत्कालीन विक्रेता एवं शाखा प्रबंधक महेन्द्र कुमार मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। गत दिवस स्थानीय रहवासियों द्वारा राशन वितरण में लापरवाही की शिकायत की गई थी।

जिला कलेक्टर के निर्देश पर राशन वितरण में अनियमितता की जांच के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पन्ना को जांच के लिए अधिकृत किया गया। जांच अधिकारी ने सात अगस्त को प्रस्तुत रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि महेन्द्र कुमार मिश्रा उचित मूल्य दुकान एवं शाखा में विक्रेता व शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। जांच तिथि 30 जुलाई को उचित मूल्य दुकान में नियमानुसार स्टॉक सूची बोर्ड में स्टॉक दर्ज नहीं किया गया था और न ही निगरानी समिति की सूची या बोर्ड प्रदर्शित किया गया। संलग्न वार्ड नंबर 03 की दुकान में भौतिक सत्यापन के दौरान 25 किलोग्राम वजन की एक बोरी गेहूं, 40 किलोग्राम वजन की एक बोरी चावल, 23 बोरी पैकबंद 14 किलोग्राम लूज नमक कुल वजन 589 किलोग्राम तथा शक्कर एक बोरी वजन 30 किलोग्राम भण्डारित पाया गया। जांच के दौरान विक्रेता द्वारा स्टॉक पंजी व वितरण पंजी प्रस्तुत नहीं की गई। जिस पर दुकान के भौतिक सत्यापन में पाए गए खाद्यान्न का मिलान ऑनलाइन स्टॉक रिपोर्ट एवं पीओएस मशीन की स्टॉक रिपोर्ट से किया गया, जिसके तहत पीडीएस गेहूं 10 हजार 985 किलोग्राम के विरूद्ध मात्र 25 किलोग्राम, चावल 11 हजार 683 किलोग्राम के विरूद्ध मात्र 40 किलोग्राम, शक्कर 51 किलोग्राम के विरूद्ध 30 किलोग्राम का स्टॉक मिला और नमक 589 किलोग्राम के विरूद्ध संपूर्ण स्टॉक पाया गया।



वार्ड क्रमांक 03 की दुकान में 473 परिवार एवं 1843 सदस्य संलग्न हैं। विक्रेता द्वारा 22 परिवारों की मोबाइल सीडिंग एवं 552 सदस्यों की ई-केवायसी भी नहीं कराई गई है। जांच में यह प्रमाणित पाया गया कि नियमित रूप से दुकान खोलकर कुछ पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार समय पर खाद्यान्न सामग्री का वितरण नहीं किया गया है।

इसी तरह वार्ड क्रमांक 02 एवं 04 के 449 परिवारों एवं 2022 सदस्यों के राशन वितरण में भी अनियमितता की जांच की गई। इस दौरान भौतिक सत्यापन में गेहूं एवं चावल का कोई भी स्टॉक भण्डारित नहीं पाया गया, जबकि नमक 28 बोरी पैकबंद 3 किलोग्राम लूज कुल वजन 703 किलोग्राम एवं शक्कर एक बोरी वजन 42 किलोग्राम उक्त दुकान में जांच के समय भण्डारित मिला। स्टॉक व वितरण पंजी प्रस्तुत नहीं करने पर ऑनलाइन एवं पीओएस मशीन की स्टॉक रिपोर्ट से भौतिक सत्यापन करने पर 12 हजार 69 किलोग्राम गेहूं एवं 7 हजार 980 किलोग्राम चावल के विरूद्ध एक भी स्टॉक नहीं पाया गया। 89 किलोग्राम शक्कर के विरूद्ध 42 किलोग्राम शक्कर का स्टॉक मिला। 703 किलोग्राम नमक का संपूर्ण स्टॉक पाया गया।

दुकान में मिली अनियमितताओं से म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश एवं नियमों का उल्लंघन परिलक्षित होने तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत उक्त कृत्य दण्डनीय अपराध की श्रेणी में होने के कारण विक्रेता को दो पृथक-पृथक नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है। इसके माध्यम से पूछा गया है कि पन्ना शहर के वार्ड क्रमांक 02 एवं 04 में संलग्न वार्ड क्रमांक 03 के पात्र हितग्राहियों को तत्काल दुकान से क्यों न हटा दिया जाए और उचित मूल्य दुकान तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी जाए। इसके अलावा उचित मूल्य दुकान की जमा प्रतिभूति राशि तत्काल शासन हित में राजसात करने, अपयोजित खाद्यान्न सामग्री की कुल इकनॉमिक कास्ट 15 लाख 21 हजार 502 रूपए भू राजस्व की बकाया की भांति वसूल करने, दुकान को जारी प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त करने, पुलिस अभियोजन की कार्यवाही प्रस्तावित करने एवं अन्य युक्तियुक्त कार्यवाही के संबंध में कारण बताओ नोटिस के माध्यम से स्पष्टीकरण चाहा गया है। विक्रेता को जिला आपूर्ति अधिकारी एवं दुकान आवंटन प्राधिकारी पन्ना शहर के समक्ष 14 अगस्त को सुबह 11 बजे समक्ष में उपस्थित होकर नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के नवीन सत्र का हुआ शुभारंभ



**पन्ना।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सहयोग से संचालित बैचलर ऑफ सोशल वर्क एवं मास्टर ऑफ सोशल वर्क के नवीन शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 का रविवार को छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना में शुभारंभ हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् पन्ना आनंद पाण्डेय द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी.पी. मिश्रा उपस्थित रहे। साथ ही नवांकुर संस्था उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना से शेख अंजाम, शुभम शर्मा, मुमताज बेगम के साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से जुड़े परामर्शदाता और विद्यार्थीगण शामिल हुए। जिपं सीईओ ने इस अवसर पर परिषद से जुड़े सभी समाजसेवियों को समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद देते हुए उनके कार्यों की सराहना की और उपस्थित छात्रों से रचनात्मक कार्यों को गति प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करने से हर कार्य में सफलता मिलती है। महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्रों को समाज कार्य के लिए निरंतर सक्रिय रहने के लिए मार्गदर्शन दिया। जिला समन्वयक द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम अंतर्गत महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय से संबद्धता के साथ बैचलर ऑफ सोशल वर्क एवं मास्टर ऑफ सोशल वर्क की प्रत्येक रविवार को कक्षाएं संचालित की जाती हैं। इससे छात्रों में समाज के लिए जनउपयोगिक कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही एक व्यक्तित्व का निर्माण भी होता है। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र बनाये गए। तत्पश्चात जिला समन्वयक द्वारा उन्हें पुरुस्कृत किया गया।

# उत्साह से निकाली गई तिरंगा यात्राएं

## नागरिकों से अपने घरों और दफ्तरों में तिरंगा फहराने की अपील



**पन्ना।** हर घर तिरंगा अभियान जिलेभर में 9 अगस्त से प्रारंभ होकर 15 अगस्त तक चलेगा। पन्ना जिले में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर तिरंगा रैली, देशभक्ति गीत संगीत आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गत शनिवार को नगर पालिका परिषद पन्ना के तत्वाधान में शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर देशभक्ति की भावना का संदेश दिया गया। यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों और स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत के तरानों के साथ लोगों को 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाने का संदेश भी दिया। कलेक्टर सुरेश कुमार ने भी जिलेवासियों से अभियान में जुड़कर घरों में तिरंगा फहराने कि अपील की है। कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि झण्डा संहिता के नियमों को पढ़कर विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शासकीय भवनों, कार्यालयों आदि जगह पर 15 अगस्त तक तिरंगा फहराया जाए। साथ ही जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं सहित सभी से इस अभियान में भागीदारी करने और लोगों को प्रेरित करने की अपील की गई है।

# जिले में 713.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज, पवई में सर्वाधिक वर्षा

**पन्ना।** पन्ना जिले में 01 जून से 09 अगस्त 2024 तक 713.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। उक्त अवधि में गत वर्ष 683.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा पवई में 995 मिमी एवं सबसे कम देवेन्द्रनगर में 449.7 मिमी दर्ज की गई है, जबकि वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 596.9 मिमी, गुनौर में 663.2 मिमी, अमानगंज में 768.9 मिमी, सिमरिया में 916.5 मिमी, शाहनगर में 678 मिमी, रैपुरा में 775.6 मिमी और अजयगढ़ में 579.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# 15 अगस्त से बदलेगी स्टांप एवं रजिस्ट्री की प्रक्रिया

पन्ना

महानिरीक्षक एवं पंजीयन मुद्रांक भोपाल के निर्देशानुसार 15 अगस्त से संपूर्ण प्रदेश में नई प्रणाली संपदा 2.0 का उपयोग किया जाना है। स्टांप एवं रजिस्ट्री की नई प्रक्रिया प्रणाली संपदा 2.0 के बारे में अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला पंजीयक जी.पी. सिंह ने बताया कि अभी स्टांप एवं रजिस्ट्री बनाने के लिए संपदा 1.0 प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है। इसके स्थान पर अब नवीन प्रणाली का उपयोग होगा।

जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक दीपक सोनी ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार शासकीय



पॉलिटेक्निक कॉलेज पन्ना में ई दक्ष केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक वैभव सोनी एवं सहायक ई गवर्नेंस प्रबंधक तरुण चौरसिया के द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। छः दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में जिले के समस्त उप पंजीयक कार्यालय स्टाफ तथा जिले के समस्त सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान अवगत कराया गया कि संपदा 2.0 के आने के पश्चात आम नागरिक स्वयं से भी अपने लिए पोर्टल पर अकाउंट बनाकर स्टांप एवं रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। प्रॉपर्टी संबंधित रजिस्ट्री तथा आगे की प्रक्रिया के ऑनलाइन ऑटोमेशन के लिए बैंक तथा अन्य विभाग भी इसमें शामिल होंगे। नई प्रक्रिया में अब बायोमेट्रिक आधार ई केवाईसी से ही मान्य किए जाने से स्टांप एवं रजिस्ट्री में हितग्राहियों की पहचान का त्वरित प्रमाणित सत्यापन सुनिश्चित होगा। नई प्रणाली की मुख्य विशेषता फेसलेस वीडियो केवाईसी सुविधा से अब किसी व्यक्ति के लिए कुछ विशेष रजिस्ट्री के मामलों में भोपाल या किसी अन्य शहर में होकर भी बिना उप पंजीयक कार्यालय आए रजिस्ट्री कराना संभव हो सकेगा।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 20 अगस्त को

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आगामी 20 अगस्त को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# शिक्षा स्थाई समिति की बैठक 13 अगस्त को

पन्ना

जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा स्थाई समिति के सभापति संतोष सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत की शिक्षा स्थाई समिति की बैठक 13 अगस्त को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में जिला पंचायत सदस्य एवं समिति के सदस्यगण संध्या लोधी, संतोष यादव, प्रभा गौड़ एवं अनीता प्रजापति भी उपस्थित रहेंगी। शिक्षा समिति की बैठक में विद्यालयों में रिक्त शिक्षक के पदों की जानकारी सहित अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया, गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न शिक्षकों तथा विषयवार शिक्षकों की आवश्यकता के संबंध में चर्चा होगी। इसके अलावा शालाओं की मॉनीटरिंग, पुस्तक वितरण, गणवेश एवं साईकिल वितरण, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं, मध्यान्ह भोजन, विद्यार्थियों के नामांकन, छात्रवृत्ति भुगतान, छात्रावासों की स्थिति व सामग्री क्रय एवं साक्षरता की प्रगति, प्रगतिरत निर्माण कार्य व विभिन्न मद में व्यय राशि की विस्तृत समीक्षा भी की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं समिति के सचिव रविप्रकाश खरे द्वारा संबंधितजनों से बैठक में जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

# हर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा यात्रा निकालकर किया पौधरोपण

**पन्ना।** जनअभियान परिषद द्वारा आज हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना से अभियान के बारे में आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिला समन्वयक आनंद पाण्डेय ने पौधरोपण व पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को



नशामुक्त रहने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित महाविद्यालय के प्राचार्य व प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

# केन घड़ियाल अभ्यारण्य के ईको सेंसेटिव जोनल मास्टर प्लान के अनुमोदन के लिए हुई बैठक

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व के प्रशासनिक इकाई केन घड़ियाल अभयारण्य का शासन निर्देशानुसार ईको सेंसिटिव जोन का जोनल मास्टर प्लान तैयार किया जाना था, जिसके अनुमोदन के लिए गत 8 अगस्त को सागर कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय के सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तत्वावधान में यह कार्य किया गया। इस कार्य हेतु शासन की ओर से मेहता एण्ड एसोसियेट एल.एल.पी. को अधिकृत किया गया था, जिन्होंने अपने विस्तृत प्रस्तुतीकरण द्वारा इस क्षेत्र के संरक्षण एवं संवहनीय विकास के आधार पर तैयार कर प्लान की जानकारी दी, जिसे अनुमोदित किया गया तथा उक्त प्लान को अंतिम अनुमोदन हेतु शासन को भेजा जायेगा।

बैठक में सागर कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत समेत मुख्य वन संरक्षक छतरपुर, क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, अधीक्षक केन घड़ियाल अभ्यारण्य, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनगर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।

# मगरमच्छ के हमले में महिला की मौत

सतना

रामनगर थाना क्षेत्र के झिन्ना गांव में बाणसागर से लगे तालाब की तरफ गई महिला की मगरमच्छ के हमले में मौत हो गई, जिस पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि रामवती पति रामदुलारे कोल (76) रविवार सुबह लगभग 5 बजे घर से 100 मीटर की दूरी पर स्थित तालाब के पास नित्यक्रिया के लिए गई थी, लेकिन जब वह काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजन खोजने निकल पड़े।

इसी दौरान तालाब के करीब जाने पर महिला दिख गई जिसे मगरमच्छ ने जबड़े में दबोच रखा था, यह देखते ही ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए पानी में लाठी-डंडों से हलचल मचाई, जिससे घबराकर मगरमच्छ ने रामवती को छोड़ दिया और गहराई में चला गया। तब किसी तरह खींचकर उसे बाहर लाया गया, लेकिन तब तक सांसें थम चुकी थीं। महिला के शरीर में जगह-जगह गहरे घाव थे, जिनसे ताजा खून बह रहा था। यह खबर तुरंत डायल 100 पर दी गई तो पुलिस टीम ने मौके पर जाकर प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया।

परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि तालाब बाणसागर बांध से लगा हुआ है, जिसमें अक्सर मगरमच्छ आ जाते हैं। पूर्व में भी कई बार जलीय जीवों को यहां देखा जा चुका है।

हाल में हुई बारिश के बाद मगरमच्छ तालाब में आ गया, जिसने नित्यक्रिया के लिए गई महिला को दबोच लिया। वहीं यह घटना सामने आने पर वन विभाग के अधिकारी भी जांच के लिए झिन्ना पहुंचे थे।

# मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना सहित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिए किया राशि का अंतरण


**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत 10 अगस्त को श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित स्वसहायता समूह सम्मेलन व रक्षाबंधन कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना की माह अगस्त 2024 की राशि एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत माह अप्रैल एवं मई 2024 की राशि तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत माह जुलाई 2024 की राशि का हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों के साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राही



उपस्थित थे। उपस्थितजनों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से लाडली बहनों के हितग्राहियों को 1250 रुपये की मासिक किश्त के रूप में प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1574 करोड़ से अधिक की राशि का तथा विशेष सहायता राशि के रूप में 250 रुपये प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 322 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया तथा गैस सिलेण्डर रिफिल योजना के लिए प्रति हितग्राही के मान से प्रदेश की 25 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 52 करोड़ रुपये की राशि का तथा प्रदेश के 55 लाख पेंशन हितग्राहियों के खातों में 332 करोड़ रुपये अंतरित किए।

जिला स्तर पर एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया भी उपस्थित थे। जिला कलेक्टर द्वारा उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। लाडली बहनों के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लाडली लक्ष्मी वाटिका में पौधरोपण भी किया गया।

# दो पक्षों के बीच खूनी झड़प, पुरानी रंजिश में तीन लोगों की हत्या



**पन्ना।** सिमरिया थाना क्षेत्र ग्राम कड़ना में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों की हत्या कर दी गई है। घटना गुरुवार रात की है, जहां दो पक्षों के बीच आपसी विवाद इतना बढ़ा कि हमले में तीन लोगों की जान चली गई। जैसे ही शुक्रवार की सुबह पुलिस को घटना के संबंध में जानकारी मिली तो पुलिस अपने बल के साथ मौके पर पहुंच गई और और स्थिति काबू करने के साथ जांच शुरू कर दी।

घटना के संबंध में एडिशनल एसपी श्रीमती आरती सिंह ने बताया कि घटना दो आदिवासी पक्षों के बीच घटित हुई है जिसमें अर्जुन सिंह, गोविंद सिंह और ध्रुव सिंह की मौत हो गई है। इस मामले में दो आरोपित नामजद थे, जिनके नाम तिलक सिंह व ज्ञान सिंह है। पुलिस ने तिलक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के मोहन्द्रा पुलिस चौकी के ग्राम कड़ना में गुरुवार की देर रात दो आदिवासी समुदाय के गुटों में आपसी विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ा कि पहले मारपीट के बाद जानलेवा और खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया इस दौरान गुटों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला किया, जिसमें 3 लोगों अर्जुन सिंह, गोविंद सिंह और धूप सिंह की मौत हो गई।

जानकारी लगते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया और गांव छावनी में तब्दील हो गया है, पुलिस बल मौके पर मौजूद हैं। पन्ना पुलिस इस ट्रिपल मर्डर की गहन जांच में जुटी हुई है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 13 अगस्त 2024 | 8


हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा आयोजित बाइक रैली को उप मुख्यमंत्री ने पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उप मुख्यमंत्री स्वयं भी खुली जीप में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए।



## नशे को जड़ से समाप्त करने का अभियान अनवरत जारी रहेगा

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि नशे को जड़ से समाप्त करने का अभियान अनवरत जारी रहेगा। नशे के अपराध में लिप्त लोगों को जेल भेजा जाएगा तथा नशा करने वालों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही नशा सुधार केन्द्रों में पहुंचाकर उन्हें नशे की लत से छुटकारा दिलाने का कार्य किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल नशामुक्त भारत अभियान के तहत विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र कार्यक्रम में शामिल हुए। कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहा है। यह विकास आने वाली पीढ़ी के लिए सौगात है। आने वाली पीढ़ी यदि नशे में रहेगी तो विकास के फल का स्वाद उसे नहीं मिल पाएगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हो रहे हैं जिनके माध्यम से आने वाली पीढ़ी को नशे से दूर रहने का संदेश पहुंचेगा। इसलिए अभियान चलाकर नशे को जड़ से समाप्त करने का कार्य किया जा रहा है। रीवा जिले को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। गत दिनों मेडिकल नशे की बड़ी खेप को पकड़कर अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है। प्रशासन व स्वयंसेवी संगठनों तथा आमजनों के समन्वय से नशा करने वालों को इससे दूर रहने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि नशामुक्त रीवा बनाकर इसे देश का सबसे बेहतर जिला बनाते हुए सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ने का संकल्प लें। इस कार्य में सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नशामुक्ति के संबंध में शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्रा ने कहा कि नशे से परिवार व समाज कमजोर होता है तथा व्यक्ति में ईर्ष्या की भावना पैदा होती है। समाज के विभाजन को रोकने के लिए दिखावे से दूर रहकर भाईचारे की भावना मजबूत करें तथा यह संकल्प लें कि हम स्वयं तो नशा करेंगे ही नहीं और न ही अपने परिजनों को नशा करने देंगे। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से आह्वान किया कि नशे के विरूद्ध अभियान में सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि अपने एवं परिवार तथा समाज एवं देशहित के लिए नशे से दूर रहने का संकल्प लें। बच्चों को अच्छे और बुरे के बीच में अंतर बताते हुए गलत रास्ते पर जाने से रोकें। नशामुक्त जिला बनाने के लिए यह आयोजन एक संदेश देने का कार्य करेगा और समाज तक इसका सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने बताया कि नशा करने वालों को इससे दूर करने के लिए जागरूक करने के अतिरिक्त उनके घर में जाकर काउंसलिंग द्वारा भी नशा न करने की समझाइश दी जाएगी। इससे पूर्व पीके तिवारी ने नशा छोड़कर अपना सुखद जीवन जीने का अनुभव साझा किया। स्वयंसेवी संगठन के सुजीत द्विवेदी ने नशामुक्त रीवा बनाने में आमजनों का आह्वान किया। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम के आयोजन की विस्तृत जानकारी दी।

## चित्र प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

**रीवा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत आगामी 13 अगस्त को चित्र प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में किया गया है। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केन्द्रीय संचार व्यूरो के तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रातः 11 बजे होगा साथ ही तिरंगा यात्रा की भी शुरूआत होगी। तिरंगा यात्रा को सांसद श्री जनार्दन मिश्र हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रदर्शनी का समापन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति तथा पुरस्कार वितरण 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। इस दौरान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, हर घर तिरंगा तथा एक पेड़ माँ के नाम विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मुकेश मंडल ने कार्यक्रम में आमजनों से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत दिया गया प्रशिक्षण



**रीवा।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान रीवा में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण केन्द्र बैसा में प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए संस्थान के अध्यक्ष लिखित मिश्रा ने कहा कि आज की आधुनिक शिक्षा में शिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थी को किसी जॉब रोल में प्रशिक्षित होना आवश्यक है। बढ़ती बेरोजगारी और जनसंख्या वृद्धि के कारण सभी को शासकीय सेवा में अवसर मिलना संभव नहीं है। यदि हमारे हाथों में हुनर है तो हम स्वयं का व्यवसाय स्थापित करके आत्मनिर्भर हो सकते हैं, जो आज के समय की माँग है। संस्थान के निदेशक सुनील शुक्ला ने प्रशिक्षणार्थियों को पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक प्रशिक्षणार्थी शासन की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ उठाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षिका सीमा तिवारी तथा संतोषी नामदेव व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला 16 अगस्त को, रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** टीआरएस कालेज रीवा में 16 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 16 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 10 हजार रुपए से 20 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। मेले में शामिल होने वाले युवाओं की शैक्षणिक योग्यता 10वीं से 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आईटीआई उत्तीर्ण होना आवश्यक है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में शिवराज ड्रम्स एण्ड कन्टेनर्स प्रा. लि. कल्याण मुम्बई, प्राइम इंजीनियरिंग, आशिदा इलेक्ट्रीशियन ठाणे मुंबई, प्रीसीहोल मशीन टूल्स प्रा. लि. कल्याण मुंबई, गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग लि., वाटर फील्ड टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. ठाणे मुंबई की कंपनियाँ शामिल होंगी। मेले में कनेक्टवेल डोबिवली, मुंबई व्योमन इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्रा.लि. बोरीवली, रीवेन्ट प्रेसीजन इंजीनियरिंग लि. धरूहेरा हरियाणा, ग्रेट गेलियन वेन्चर्स लि. (आईसेक्ट) रीवा, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. इंदौर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स लि. रीवा, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा तथा एल एण्ड टी कान्स्ट्रक्सन स्किल्स अहमदाबाद गुजरात की कंपनियाँ शामिल होंगी।

## रीवा के बाईपास को फोरलेन बनाए जाने का मार्ग हुआ प्रशस्त : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा में चोरहटा से रतहरा तक के बाईपास को फोरलेन बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग में फोरलेन बनाने के कार्य का टेण्डर आज खुल गया है और शीघ्र ही बाईपास को फोरलेन बनाने का कार्य प्रारंभ होगा। श्री शुक्ल ने बताया कि फोरलेन के साथ ही नीचे की संलग्न सड़कों को भी टू लेन किया जाएगा ताकि बाईपास तक पहुंचने वाली सड़कें चौड़ी रहें और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि बाईपास के फोरलेन बन जाने, बेला-सिलपरा मार्ग के पूर्ण होने तथा पूर्व से निर्मित रिंग रोड के बाद अब रीवा में चारों तरफ फोरलेन का बाईपास हो जाएगा जिससे यातायात का दबाव शहर में बिल्कुल भी नहीं रहेगा और दुर्घटनाओं पर पूर्णतः विराम लग सकेगा।

## कमिश्नर ने गूगल मीट से की राजस्व महाअभियान की समीक्षा

### लंबित प्रकरणों का निराकरण कर जिले की रैंकिंग में सुधार करें : कमिश्नर

रीवा



कमिश्नर बीएस जामोद ने गूगल मीट के माध्यम से रीवा तथा शहडोल संभाग में चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि लंबित राजस्व प्रकरणों का नियमित सुनवाई करके निराकरण करें। किसान सम्मान निधि की ई केवाईसी तथा नक्शा तरमीम के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। नक्शा तरमीम के लिए पटवारीवार लक्ष्य निर्धारित करें। ई केवाईसी के लिए पटवारी, रोजगार सहायक तथा ग्राम पंचायत सचिव की ड्यूटी लगाएं। अभिलेखों में सुधार की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। सभी कलेक्टर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करें। लंबित प्रकरणों का निराकरण कराकर जिले की रैंकिंग में सुधार करें। कमिश्नर ने नामांतरण तथा बंटवारे में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर सिंगरौली को बधाई दी।

कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर राजस्व अभियान के निर्धारित बिन्दुओं पर प्रत्येक तहसील की रैंकिंग करें। सबसे कम उपलब्धि वाली तहसीलों के तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस दें। कलेक्टर सीधी विशेष प्रयास करके जिले की रैंकिंग में सुधार कराएं। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि नामांतरण तथा बंटवारे के अधिकांश प्रकरण निराकृत हो गए हैं। शेष प्रकरण तीन दिन में निराकृत कर दिए जाएंगे। बैठक में गूगल मीट के माध्यम से कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला तथा अन्य राजस्व अधिकारी शामिल हुए।

## पेंटियम पॉइंट मे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गई



**रीवा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के पांचवें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में 12 अगस्त को नशामुक्ति की शपथ दिलवाई गई।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निर्देशन पर विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी संदर्भ में पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज के हरदी परिसर में छात्राओं द्वारा कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को नशा से दूर रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए परिचर्चा,मानव श्रंखला के साथ शपथ भी दिलवाई गई,साथ ही महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मनोज गुप्ता, रविप्रकाश गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, जयप्रकाश सोनी, पंकज पटेल, नेहा सिंह, सौरभ कुशवाहा आदि उपस्थित रहे ।

## जिले में अब तक 344.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 12 अगस्त को 5.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 30 मिलीमीटर वर्षा मनगवां तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 344.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 410.4 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 203.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 579 मिलीमीटर, सिरमौर में 362.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 194.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 259 मिलीमीटर, मनगवां में 500 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 248 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में स्वीकृत दो नये संकायों में प्रवेश प्रारंभ

### उप-मुख्यमंत्री के प्रयासों से स्थानीय युवा होंगे कुशल मिलेगा रोजगार

रीवा 12 अगस्त 2024.रीवा जिले में औद्योगिक विकास एवं युवाओं के रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने के लिए उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, रीवा में दो नए संकाय, सिविल एवं मैकेनिकल प्रारंभ करने की अनुमति गत दिनों मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदान की गयी थी। सिविल और मैकेनिकल संकाय में विभागाध्यक्ष एवं व्याख्याता के लिए कुल 12 पद मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृत किए गये हैं। साथ ही, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, रीवा में फॉयर टेक्नालॉजी एण्ड सेफ्टी ब्रांच को वर्तमान पद स्वीकृति सहित यथावत रखा जाएगा। योजना के लिए अपेक्षित आवर्ती-अनावर्ती व्यय के लिए रूपये 5 करोड़ 92 लाख रुपये के वित्तीय प्रावधान की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। नवीन संकायों को पोर्टल में शामिल कर दिया गया है तथा छात्रों का प्रवेश भी प्रारंभ हो गया है। रीवा के औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति - उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि इससे रीवा जिले में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी और यहां के युवाओं को रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा जिले में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में सिविल एवं मैकेनिकल के छात्रों की मांग के दृष्टिगत स्थानीय स्तर पर ही कुशल मैनपॉवर की पूर्ति के लिए रीवा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में नये संकाय प्रारंभ किए गये हैं। इन नए संकायों के प्रारंभ होने से इस अंचल के विद्यार्थियों को तकनीकी रोजगारमूलक शिक्षा का लाभ प्राप्त होगा और वे औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

## ताइवान के पर्यटकों ने व्हाइट टाइगर सफारी का किया भ्रमण

### सफेद शेर को देखकर हुए रोमांचित



**रीवा।** महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी की प्रसिद्धि देश के साथ-साथ विदेशों में भी हो रही है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से निर्मित व्हाइट टाइगर सफारी अब विदेशी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बन गया है। ताइवान से आए 18 विदेशी पर्यटकों ने आज टाइगर सफारी का भ्रमण किया और सफेद शेर के साथ बब्बर शेर, बंगाल टाइगर व अन्य वन्य प्राणियों को देखकर रोमांचित हुए। वन मण्डलाधिकारी सतना ने बताया कि व्हाइट टाइगर सफारी की विदेशों में पहचान मिलने के लिए इसे वाराणसी से खजुराहो पर्यटन रूट में शामिल किया गया है ताकि विदेशी सैलानी भी इसे देख सकें और पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके। ताइवान के पर्यटक ने व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण करने के उपरांत कहा कि मैं इसे देखकर रोमांच से भर गया हूँ। इतने करीब से सफेद शेर और अन्य वन्य प्राणियों को देखना मेरे जीवन की विशेष उपलब्धि है। उल्लेखनीय है कि व्हाइट टाइगर के विदेशी पर्यटकों के बीच प्रसिद्धि के लिए प्रणव सिंह का विशेष योगदान रहा है।

## कमिश्नर संभागीय बैठक में आज करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 13 अगस्त को सुबह 11 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ग्रामीण विकास विभाग तथा श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में पीएम आवास, वृक्षारोपण, गौशाला निर्माण, अमृत सरोवर, आरईएस के निर्माण कार्य की स्थिति तथा हर घर तिरंगा अभियान में स्वसहायता समूह द्वारा बनए गए तिरंगों की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियां को विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## एड्स संक्रमण की जानकारी, बचाव एवं उपचार के प्रति नागरिकों की जागरूकता एड्स से लड़ाई में अहम : शुक्ल

### प्रदेशव्यापी इंडिया फाइट्स एचआईवी एंड एसटीआई जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योर यदि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहेंगे, नियमित जाँच करायेंगे तो हम बीमारी के दुष्चक्र से बाहर रहेंगे। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना और ख़तरों के प्रति सचेत रहना महत्वपूर्ण है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने वीडियो संदेश के माध्यम से सभी नागरिकों से प्रदेशव्यापी इंडिया फ़ाइट्स एचआईवी एंड एसटीआई अभियान में सहभागिता की अपील की। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि एड्स के संक्रमण के कारण, बचाव एवं उपचार के प्रति नागरिकों और युवाओं की जागरूकता इसके नियंत्रण के लिए आवश्यक है। लापरवाही से यह गंभीर बीमारी जानलेवा भी साबित हो सकती है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआईवी-एड्स के बारे में सही जानकारी को प्राप्त करना, जोखिम व्यवहार पर एचआईवी की जांच कराना और एचआईवी-पॉज़िटिव की स्थिति में जल्दी से जल्दी अपना एआरटी उपचार शुरू करना। इन तीन बिंदुओं पर सभी लोगों को जागरूक होना है, सक्रिय होना है, सजग रहना है और अन्य को भी जागरूक करने में सहयोग करना है। खुल के चर्चा और भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूकता ज़रूरी - राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने समन्वय भवन भोपाल से राज्य स्तरीय प्रदेशव्यापी इंडिया फ़ाइट्स एचआईवी एंड एसटीआई जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि एचआईवी-एड्स संक्रमण के प्रति युवाओं सहित परिवार का पूरे समाज का जागरूक होना आवश्यक है। ताकि वे खुलकर अपनी बात रख पाएँ अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकें। सुरक्षित व्यवहार का पालन करें, साथ ही नागरिक समय से अपनी जाँच कराने और उपचार प्राप्त करने में संकोच न करें। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वस्थ भारत के लिए स्वस्थ मध्यप्रदेश आवश्यक है।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूकता ज़रूरी है। राज्य मंत्री ने मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सदस्यों, रेड रिबन क्लब के सदस्यों और अन्य समाजसेवी संस्थाओं की अभियान में सहभागिता की सराहना की और अभियान की सफलता की शुभकामनाएँ दीं।

संचालक मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्रीमती सुरभि गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 206 आईसीटीसी सेंटर संचालित हैं, जहाँ एचआईवी वायरस की निःशुल्क जाँच एवं टेस्ट के पूर्व एवं बाद में काउंसलिंग भी की जाती है। प्रदेश में संचालित 33 एआरटी में संक्रमित मरीज़ों का निःशुल्क उपचार एवं दवा वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में विगत वर्ष एचआईवी-एड्स संक्रमण के लगभग 6 हज़ार प्रकरण प्राप्त हुए तथा लगभग 1200 मरीज़ों की एड्स संबंधित विभिन्न व्याधियों के कारण मृत्यु हुई। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण समय से जाँच न कराना एवं दवाओं का सेवन न करना पाया गया। इस दिशा में नागरिकों को जागरूक करने के प्रयास अभियान में किए जाएँगे ताकि ऐसी स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833